RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-345 जयपुर, शनिवार, 13 जून 2026 मूल्य-4 रूपये

## नीट यूजी रीएग्जाम 3:15 घंटे का होगा

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने नीट यूजी रीएग्जाम में कुछ बदलाव किए हैं। नए नोटिस के तहत, परीक्षा का समय अब 180 मिनट से बढ़ाकर 195 मिनट कर दिया गया है। इसके अलावा आंसर शीट में रफ वर्क के लिए भी जगह बढ़ाई गई है। नीट यूजी 2026 इस साल पेपर लीक के चलते रद्द कर दिया गया था। रीएग्जाम अब 21 जून को आयोजित किया जाना है जिसे लेकर नए बदलाव किए गए हैं।

## पुष्कर सरोवर में मिले युवक-युवती के शव

**पुष्कर।** अजमेर जिले के पुष्कर सरोवर के गुर्जर घाट के पास पानी में 2 शव तैरते मिले। शुक्रवार सुबह करीब 5:30 बजे, जब घाट पर मौजूद स्थानीय तीर्थ पुरोहितों ने शवों को देखा तो पुलिस को सूचना दी। शव युवक-युवती के है।

पुष्कर थाना प्रभारी विक्रम सिंह राठौड़ ने बताया - सुबह घाट पर पूजा करने आए तीर्थ पुरोहितों ने शवों को देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिलने के बाद सुबह करीब 6 बजे टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से 15 मिनट में शवों को बाहर निकलवा लिया गया।

## जयपुर में एमपी के युवक की गला रेतकर हत्या

**जयपुर।** जयपुर में गुरुवार को देर रात आपसी कहासुनी को लेकर हुए विवाद के बाद एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। त्रिवेणी पुलिया के नीचे खून से लथपथ युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शुक्रवार को सुबह लोगों की सूचना के बाद शिप्रापथ थाना पुलिस मौके पर पहुंची, जहां मौके से सबूत जुटाए गए। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

घटना शिप्रापथ थाना इलाके के त्रिवेणी नगर पुलिया के पास गुरुवार रात करीब 9 बजे से 10 बजे की है, जहां से पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एसएसएस हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया है।

# कोलकाता की सरकारी बिल्डिंग में आग, 4 हजार ईवीएम जलीं

### मंत्री बोले- 10 सीटों पर इस्तेमाल हुईं, साजिश की आशंका


कोलकाता

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक सरकारी बिल्डिंग में आग लगने से करीब 4 हजार ईवीएम जल गईं। ये मशीनें इसी साल हुए विधानसभा चुनाव में 10 सीटों पर इस्तेमाल की गई थीं।

घटना के बाद TMC ने चुनाव आयोग से सवाल किए हैं। वहीं, कांग्रेस और AAP ने भी सरकार से जवाब मांगा है। पश्चिम बंगाल पुलिस ने जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) बनाई है।

बिल्डिंग में दक्षिण 24 परगना जिला परिषद समेत कई सरकारी दफ्तर हैं। आग पर पूरी तरह काबू पाने में करीब 24 घंटे लगे।

पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री कौशिक चौधरी ने कहा कि आग सामान्य नहीं लगती। साजिस की आंशका खारिज नहीं की जा सकती है। एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



### टीएमसी बोली- चुनाव आयोग हमेशा सवालों से नहीं बच सकता

टीएमसी ने एक्स पर आग का वीडियो शेयर कर लिखा, 'चुनाव आयोग हमेशा सवालों से बच नहीं सकता। ईवीएम और सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने के लिए पहले अदालत का दरवाजा खटखटाया गया था। फिर ऐसी घटना कैसे हो गई? क्या यह सिर्फ एक हादसा था या अहम सबूतों को मिटाने की सुनियोजित कोशिश?'

टीएमसी ने दावा किया कि आग में नष्ट हुई मशीनें कस्बा, जादवपुर, बेहाला ईस्ट, बेहाला वेस्ट, मेटियाबुरुज, सतगछिया और डायमंड हार्बर सब-डिवीजन की कई विधानसभा सीटों से जुड़ी थीं।

कांग्रेस ने कहा- सरकार और चुनाव आयोग को यह साफ करना चाहिए कि आग कैसे लगी और नौवीं-दसवीं मंजिल तक कैसे पहुंची?

आप ने कहा- आखिर ऐसा क्या हुआ कि एक सरकारी भवन में इतनी भीषण आग लग गई? आग कैसे लगी, और हजोरों ईवीएम इस आग की चपेट में कैसे आ गई, भाजपा जवाब दे?

पश्चिम बंगाल के दमकल और आपदा प्रबंधन राज्य मंत्री कौशिक चौधरी ने बताया कि आग सबसे पहले दूसरी और तीसरी मंजिल पर दिखी थी। इसके बाद यह सातवीं, आठवीं, नौवीं और दसवीं मंजिल तक पहुंच गई। उन्होंने कहा कि चौथी, पांचवीं और छठी मंजिल को ज्यादा नुकसान पहुंचे बिना आग ऊपर कैसे पहुंच गई? जांच की जा रही है कि इसके पीछे कोई साजिश तो नहीं थी।

वहीं, केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि साजिश की आशंका को खारिज नहीं किया जा सकता। BJP नेता राकेश सिंह ने इसे सुनियोजित घटना बताया है।

### एफआईआर दर्ज, फॉरेंसिक जांच शुरू

दक्षिण 24 परगना प्रशासन की शिकायत पर अलीपुर थाने में FIR दर्ज की गई है। पुलिस आग की वजह तलाश रही है। अभी यह साफ नहीं है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी या किसी और कारण से। फॉरेंसिक टीम मौके से नमूने जुटाएगी। जांच में यह भी देखा जाएगा कि आग हादसा थी या किसी ने जानबूझकर लगाई थी।

# राज्यसभा नामांकन रद्द होने के खिलाफ मीनाक्षी नटराजन की याचिका खारिज

### मीनाक्षी बोलीं- पहले वोट चोरी होती थी, इस बार सीट चोरी हुई

दिल्ली/भोपाल

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन की याचिका खारिज कर दी। उन्होंने राज्यसभा चुनाव के लिए उनका नामांकन रद्द किए जाने के फैसले को चुनौती दी थी। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में सीधे रिट याचिका नहीं सुनी जा सकती। अगर उन्हें फैसले पर आपत्ति है तो वे चुनाव याचिका दायर करें।

जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एएस चंदूरकर की बेंच ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 329 चुनाव प्रक्रिया में अदालतों के हस्तक्षेप को सीमित करता है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट इस मामले में रिट पिटीशन पर सुनवाई नहीं कर सकता।

नामांकन रद्द करने का फैसला सही था या गलत, अदालत ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। कोर्ट ने कहा- सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन की याचिका खारिज कर दी। उन्होंने राज्यसभा चुनाव के लिए उनका



नामांकन रद्द किए जाने के फैसले को चुनौती दी थी। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में सीधे रिट याचिका नहीं सुनी जा सकती। अगर उन्हें फैसले पर आपत्ति है तो वे चुनाव याचिका दायर करें।

जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एएस चंदूरकर की बेंच ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 329 चुनाव प्रक्रिया में अदालतों के हस्तक्षेप को सीमित करता है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट इस मामले में रिट पिटीशन पर सुनवाई नहीं कर सकता।

नामांकन रद्द करने का फैसला सही था या गलत, अदालत ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। कोर्ट ने कहा- सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन की याचिका खारिज कर दी। उन्होंने राज्यसभा चुनाव के लिए उनका नामांकन रद्द किए जाने के फैसले को चुनौती दी थी। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में सीधे रिट याचिका नहीं सुनी जा सकती। अगर उन्हें फैसले पर आपत्ति है तो वे चुनाव याचिका दायर करें।

### राष्ट्रपति भवन के लिए निकले नेताओं की पुलिस से झड़प

उधर, दिल्ली पहुंचे मध्य प्रदेश के कांग्रेस विधायकों ने राष्ट्रपति भवन तक मार्च निकालने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए सड़क पर बैरिकेडिंग कर दी। कांग्रेस नेता इस पर चढ़ गए तो पुलिस से उनकी झड़प हो गई। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार समेत तमाम नेताओं को हिरासत में ले लिया। हालांकि, बाद में सभी को रिहा कर दिया गया।


# स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार तीन की मौत

### स्कॉर्पियो ने बाइक को मारी टक्कर, सड़क पर बिखरे तीनों क्लासमेट के शव

अजमेर

अजमेर जिले में जन्मदिन मनाकर लौट रही युवती और उसके दो क्लासमेट की सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक और दोनों युवती बाइक से आ रहे थे। हाईवे पर स्कॉर्पियो ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक और दोनों युवतियां उछल कर सड़क पर गिर गईं। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को भिनाय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने



तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को मॉर्च्युरी में रखवा दिया।

घटना भिनाय थाना क्षेत्र के बांदनवाड़ा खेड़ी पंप के पास शुक्रवार शाम 4 बजे की है। मृतकों की पहचान झड़वासा निवासी सम्राट नायक (35) पुत्र बंशीलाल नायक, किटाप निवासी शिवानी तिवाड़ी (25) पुत्री महावीर तिवाड़ी और अर्चना (20) पुत्री महावीर जांगिड़ के रूप में हुई है।

बांदनवाड़ा चौकी प्रभारी मनोहरसिंह ने बताया- बांदनवाड़ा चौकी प्रभारी मनोहर सिंह ने बताया कि सम्राट नायक, शिवानी तिवाड़ी और अर्चना जांगिड़ बांदनवाड़ा लाइब्रेरी में पढ़ने आए थे। शिवानी का बर्थडे था तो तीनों कुछ दूर स्थित होटल पर खाना खाने गए। खाना खाकर घर जाते समय हादसा हो गया।

शिवानी चार भाई-बहनों में सबसे बड़ी थी। वह कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी कर रही थी। घटना के बाद स्कॉर्पियो कार का ड्राइवर फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है।


### गृहमंत्री अमित शाह ने अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की

# यात्रा की सुरक्षा में आधुनिक तकनीक का व्यापक उपयोग

नई दिल्ली

गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा करते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यात्रा के सुचारु संचालन के लिए व्यापक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं की सर्वोच्च सुरक्षा और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

गृहमंत्री शाह ने यहां उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि यात्रा मार्ग पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), जम्मू-कश्मीर पुलिस व अन्य सुरक्षा



एजेंसियों के समन्वित प्रयासों से बहुस्तरीय व अभेद्य सुरक्षा ग्रिड स्थापित किया जाए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने को ड्रोन, सीसीटीवी निगरानी, सर्विलांस सिस्टम व अन्य आधुनिक तकनीकों के व्यापक उपयोग पर जोर दिया।

शाह ने कहा कि यात्रा के दौरान विभिन्न केंद्रीय बलों व जम्मू-कश्मीर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी शिविर स्थलों व यात्रा मार्ग पर व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी करें। साथ ही श्रद्धालुओं के पंजीकरण, आवास, स्वास्थ्य सेवाओं, संचार व्यवस्था और आपदा प्रबंधन से जुड़ी सभी आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में यात्रा से जुड़े स्थानीय लोगों और पशुओं के पंजीकरण पर भी विशेष बल दिया। निर्देश दिए गए कि संबंधित व्यक्तियों को क्यूआर कोड युक्त पहचान पत्र जारी किए जाएं, यात्रा में उपयोग किए जाने वाले पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष शिविर लगाए जाएं।

गृहमंत्री ने अधिकारियों को मौसम की स्थिति और पूर्वानुमान के आधार पर ही श्रद्धालुओं के जत्थों को आगे बढ़ाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा यात्रा मार्ग के अलावा जम्मू-कश्मीर के अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालु व पर्यटक सुरक्षित वातावरण में यात्रा व पर्यटन का आनंद ले सकें।

## पुणे में टीसीएस कर्मचारी ने आत्महत्या की, 2 महिला सहकर्मियों पर प्रताड़ना आरोप

### नौकरी छोड़ने का दबाव बनाने का आरोप

पुणे

पुणे में TCS के एक कर्मचारी ने आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट में उन्होंने दो महिला सहकर्मियों पर प्रताड़ित करने और नौकरी छोड़ने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। बेटे की शिकायत पर पुलिस ने दोनों महिलाओं समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

मृतक की पहचान 48 साल के अमित ब्रह्मे के रूप में हुई है। वह ञ्च्रष्टस् के हिंजेवाड़ी ऑफिस में काम करते थे। 2 जून को उन्होंने भोसरी स्थित अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी थी।

पुलिस के मुताबिक, अमित ने सुसाइड नोट में सहकर्मी अर्चना और शाश्वती का नाम लिखा है। नोट में आरोप लगाया कि दोनों उन्हें बार-बार सहकर्मियों के सामने अपमानित करती थीं। पसंद के प्रोजेक्ट नहीं देती थीं। उनकी एक्सपर्टिज से बाहर के काम सौंपती थीं।

अमित ने सुसाइड नोट में अपने दोस्त विनोद पलिचा का भी नाम लिया है। विनोद ने कंपनी को उनके खिलाफ कथित तौर पर बदनाम करने वाले ईमेल भेजे थे।

# बूंदी में 11 वीडीओ सस्पेंड, 3 बीडीओ पर भी कार्रवाई

### मंत्री दिलावर के निरीक्षण के बाद गिरी गाज, सफाई को लेकर जताई थी नाराजगी

बूंदी

बूंदी में शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर के औचक निरीक्षण के बाद पंचायतीराज विभाग में बड़ी कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई के तहत 11 ग्राम विकास अधिकारियों (VDO) को निलंबित कर दिया गया है, जबकि 3 खंड विकास अधिकारियों



(BDO) पर भी कार्रवाई हुई है। मंत्री दिलावर द्वारा किसी भी जिले में एक साथ इतनी बड़ी संख्या में अधिकारियों के खिलाफ की गई प्रदेश की यह पहली कार्रवाई है। कार्रवाई के तहत केशवरायपाटन के BDO को निलंबित कर उनका मुख्यालय जयपुर स्थानांतरित किया गया है। तालेड़ा के BDO को एपीओ करते हुए जयपुर मुख्यालय भेजा गया है।

इसके अलावा 11 ग्राम विकास अधिकारियों को निलंबित किया गया है और 16 अन्य अधिकारियों के खिलाफ सीसीए (चार्जशीट) की कार्रवाई शुरू की गई है।

जिन 16 अधिकारियों के खिलाफ सीसीए की कार्रवाई की गई है, उनमें हिंडोली, केशवरायपाटन और तालेड़ा के तीनों BDO शामिल हैं। इसके साथ ही तीनों पंचायत समितियों के नोडल अतिरिक्त विकास अधिकारी और सहायक अभियंता भी इस कार्रवाई के दायरे में आए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत कार्यरत तालेड़ा, केशवरायपाटन और हिंडोली के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर के पद समाप्त कर दिए गए हैं।

## दिल्ली के तुगलकाबाद में बिल्डिंग में आग, 3 मौत, 6 झुलसे

**पार्किंग में आग लगी, 5वीं मंजिल तक फैली**

नई दिल्ली

दिल्ली के तुगलकाबाद इलाके में एक बिल्डिंग में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें एक युवक और दो महिलाएं हैं। 6 लोगों को बचाया गया है, सभी अस्पताल में भर्ती हैं। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, आग पार्किंग में खड़ी गाड़ियों में लगी थी। धीरे-धीरे आग पांच मंजिला बिल्डिंग में फैल गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने छत का ताला काटकर लोगों को



बचाया। फायर डिपार्टमेंट के अनुसार, गुरुवार देर रात 2:35 बजे से 2:37 बजे के बीच इमरजेंसी कॉल मिलीं। आग तारा अपार्टमेंट के पास गली नंबर 1 में स्थित एक इमारत में लगी थी। इमारत के अंदर कई लोगों के फंसे होने की खबर मिलने के बाद फायर फाइटर्स ने रेस्क्यू शुरू किया। 3:45 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया।

### ममता की हार के 14 दिन बाद ही टीएमसी टूटी

# 19 सांसदों ने 18 मई को स्पीकर को लेटर भेजा था

कोलकाता

ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस यानी टीएमसी में फूट अब तय है। विधानसभा के 80 में से 58 विधायकों के बगावत के बाद लोकसभा के बागी 19 सांसदों का लेटर शुक्रवार को सामने आया। न्यूज एजेंसी ॥ह्ल के मुताबिक इसे 18 मई को लोकसभा स्पीकर को भेजा गया था और अलग गुट बनाने की मांग की गई है।

इससे साफ है कि ममता की हार के 14 दिन बाद ही पार्टी में बगावत शुरू हो गई थी। इस चिट्ठी में यूसुफ पठान, सायोनी घोष, काकोली घोष और शताब्दी रॉय जैसे बड़े नाम शामिल हैं। एक नाम सामने नहीं आया है।



इससे पहले 3 जून को टीएमसी के58 विधायकों ने बंगाल विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर उनके गुट को मान्यता देने की मांग की थी, जिसे अध्यक्ष ने मंजूर भी कर लिया था।

टीएमसी के लोकसभा सांसदों के अलावा राज्यसभा सांसद भी टूट रहे हैं। पिछले 4 दिनों में चार राज्यसभा सांसद इस्तीफा दे चुके हैं। 8 जून को सुखेंदु शेखर ने सदस्यता के साथ पार्टी छोड़ी। फिर 10 जून को सुष्मिता देव अलग हो गईं। 11 जून को प्रकाश चिक और कोयल मलिक ने इस्तीफा दे दिया।

टीएमसी के पास कुल 28 लोकसभा सांसद थे, जिसमें से 20 अलग हो गए हैं। अब लोकसभा में ममता के पास सिर्फ 8 सांसद बचे हैं। राज्यसभा की बात करें तो 13 में से 4 सांसद इस्तीफा दे चुके हैं यानी सिर्फ 9 राज्यसभा सांसद बचे हैं। विधानसभा चुनाव में 80 सीटें जीती थीं। जिसमें से 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं। ममता के पास सिर्फ 22 विधायक बचे हैं।

### कीर्ति आजाद बोले- यह सबकुछ भाजपा की चाल है

सांसद कीर्ति आजाद ने कहा- बागी सांसदों के घर BJP के लोग बैठे थे। पुलिस बाहर पहरा दे रही थी। उनके घर तोड़ दिए गए। उनके परिवारों को डराया-धमकाया गया। कई लोग डर के मारे सामने आए। आप देख सकते हैं कि पहले 8 नाम अलग स्याही से लिखे हैं, अगला ग्रुप काली स्याही से लिखा है। उस ग्रुप में तीन मुस्लिम भी शामिल हैं।

## ममता बनर्जी के खिलाफ कोलकाता में एफआईआर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ कोलकाता के हेयर स्ट्रीट थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। ममता पर आरोप है कि उन्होंने 9 मार्च को चुनाव प्रचार के दौरान भड़काऊ भाषण दिया था।

यह शिकायत तुषार कांती दास ने की है। उनका कहना है कि ममता के बयान से सांप्रदायिक सौहार्द और राज्य की लोकतांत्रिक व्यवस्था को नुकसान पहुंच सकता था।

इधर, फर्जी हस्ताक्षर मामले में शुक्रवार को CID की टीम TMC सांसद और पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी के घर पहुंची। इस दौरान अभिषेक के वकील भी वहां पहुंचे। एडवोकेट देबाशीष राय ने कहा कि CID ने हमें कोई सूचना नहीं दी है। फिलहाल हमें नहीं पता कि ष्टढ्ढष्ठ टीम यहां क्यों आई है।

# जमीनी विवाद में फायरिंग, 10 लोग घायल

### मुरार गांव में 2 गुटों में हुआ खूनी संघर्ष, गांव में पुलिस बल तैनात

डीग

डीग जिले के कामां थाना क्षेत्र के मुरार गांव में शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे जमीनी विवाद को लेकर 2 गुटों में खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान हुई फायरिंग में 10 लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

पुलिस के अनुसार यह विवाद सोहन लाल और सर्वसुख पक्षों के बीच हुआ। विवाद के दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर कथित तौर पर फायरिंग की, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

इस फायरिंग में कुल 10 महिला-पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से



घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में से 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भरतपुर के उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया है। अन्य घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही कामां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव में तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है।

जानकारी के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था, जो शुक्रवार को हिंसक हो गया। पुलिस आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है और पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

# मैं सच बोल दूंगा तो बहुत परेशानी में पड़ जाऊंगा क्योंकि वे बहुत बड़े लोग हैं

**–राम मंदिर दान में गड़बड़ी पर बृजभूषण शरण सिंह ने दिया चौंकाने वाला बयान**



**अयोध्या (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने अयोध्या के प्रसिद्ध राम मंदिर में चढ़ावे के दुरुपयोग और चोरी के आरोपों पर एक बेहद चौंकाने वाला बयान दिया है। जिले के विश्नोहरपुर स्थित अपने पैतृक आवास पर बुधवार को पत्रकारों से कहा कि वह इस पूरे विषय पर बहुत कुछ जानते हैं, लेकिन फिलहाल सच बोलने की स्थिति में नहीं हैं। अयोध्या में राम मंदिर के दान में गड़बड़ी को लेकर पिछले कुछ दिनों से जारी विवाद के बीच बृजभूषण की यह टिप्पणी राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दे रही है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बृजभूषण सिंह ने कहा कि मैं बहुत कमजोर आदमी हूं। अगर मैं सच बोल दूंगा तो बहुत परेशानी में पड़ जाऊंगा क्योंकि वे बहुत बड़े लोग हैं। सच बोलने की हिम्मत अभी मेरे अंदर नहीं है। कभी समय आएगा तो बोलूंगा। उन्होंने यह निर्दिष्ट नहीं किया कि वे से उनका तात्पर्य किससे है। सिंह की टिप्पणी अयोध्या में राम मंदिर के दान में गड़बड़ी को लेकर बढ़ते विवाद के बीच आई है। दिल्ली में करीब 10 दिन के प्रवास के बाद गांव लौटे बृजभूषण सिंह ने अपने हालिया राजनीतिक और सामाजिक अनुभवों का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले कुछ समय से वह कई जटिल परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। 2023 में कुछ महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए आरोपों से जुड़े विवाद का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से उस प्रकरण से उपजी परिस्थितियों को संभालने में लगे हुए हैं।

नीट में अनियमितताओं और पेपर लीक के मुद्दे पर बृजभूषण ने कहा कि किसी मंत्री के इस्तीफा देने से समस्या का समाधान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पेपर लीक के पीछे एक संगठित तंत्र है जिसमें विभिन्न स्तरों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल होते हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या किसी मंत्री के इस्तीफा देने से भविष्य में पेपर लीक रुकने की गारंटी दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि मंत्री प्रत्येक परीक्षा केंद्र या व्यवस्था की व्यक्तिगत निगरानी नहीं कर सकता। उनके अनुसार जब तक दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक ऐसी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाना संभव नहीं। उन्होंने कहा कि पहली बार बड़े अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होती दिखाई दे रही है और उन्हें उम्मीद है कि मौजूदा सरकार नकल एवं पेपर लीक से जुड़े नेटवर्क को तोड़ने में सफल होगी।

## संजय सिंह ने कांग्रेस, पीएम मोदी और विदेश नीति पर उठाए गंभीर सवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी (आप) सांसद संजय सिंह ने राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने के बाद कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस से पूछा कि जब चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त के भाजपा के साथ मिले होने की बात सभी को पता है, तब उन्होंने सपोर्टिंग कैंडिडेट का पर्चा क्यों नहीं भरवाया। आप नेता सिंह ने कहा कि इसतरह के समय में जब एक-एक सांसद महत्वपूर्ण है, यह घटना भाजपा को राज्यसभा में आसानी से जीत दिला देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मीनाक्षी का पर्चा गलत ढंग से खारिज हुआ है और चुनाव आयोग भाजपा के हाथ में खेल रहा है। मीनाक्षी नटराजन के मुद्दे के बाद, संजय सिंह ने ओमान तट पर हुए वाणिज्यिक जहाज पर हमले की घटना पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि इस हमले में 24 भारतीय चालक दल सदस्यों में से तीन अभी भी लापता हैं। आप सांसद सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाकर कहा कि उन्हें इस पर अपना प्रतिरोध दर्ज कराना चाहिए। उन्होंने अतीत की घटनाओं का जिक्र किया जहां अमेरिका ने भारतीयों के खिलाफ प्रतिकूल टिप्पणियां कीं या कार्रवाइयां कीं, लेकिन प्रधानमंत्री शांत रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय से तत्काल विरोध दर्ज कराने की मांग की। इसके बाद अंत में आप सांसद सिंह ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के मामले पर भी केंद्र सरकार की निष्क्रियता पर सवाल उठा दिए। उन्होंने कहा कि अगर भारत सरकार पीओके को अपना हिस्सा मानती है और वहां आतंकी ठिकानों की बात करती है, तब उस पर अब तक कब्जा क्यों नहीं किया। सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की बहादुरी का हवाला देकर आरोप लगाया कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के कहने पर युद्धविराम कर दिया गया, जो ठीक नहीं था। उन्होंने सलाह दी कि भारत को पीओके की गतिविधियों पर लगातार नजर रखनी चाहिए और उसके अनुसार फैसले लेने चाहिए।

## लालू यादव का जन्मदिन : राबड़ी के हाथों से केक और परिवार का प्यार

पटना (एजेंसी)। बिहार की राजनीति के दिग्गज और आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन उनके पटना स्थित आवास पर धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर उनके पूरे परिवार की मौजूदगी थी, जिसने माहौल को और खुशनुमा कर दिया। पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने उन्हें हैप्पी बर्थडे साहेब कहकर शुभकामनाएं दीं और लालू यादव ने भावुक पल में केक काटा। मगर जश्न की सबसे खूबसूरत और हृदयस्पर्शी तस्वीर तब सामने आई जब राबड़ी देवी ने अपने पारंपरिक प्रेम और स्नेह का प्रदर्शन कर अपने हाथों से पति लालू यादव को केक खिलाया। यह दृश्य तुरंत सोशल मीडिया पर छा गया, जहाँ समर्थकों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, यहाँ तक कि आम लोगों के बीच भी बधाई संदेशों की बाढ़ आ गई। राबड़ी का यह खास और स्नेहपूर्ण अंदाज इंटरनेट पर खूब चर्चा का विषय बना रहा। हर साल की तरह इस बार भी उन्होंने आरजेडी प्रमुख के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए उन्हें बेहद प्यार से केक खिलाया। दोनों वरिष्ठ नेताओं के बीच की यह खूबसूरत केमिस्ट्री और आपसी सौहार्द उनके कार्यकर्ताओं और आम जनता को खूब पसंद आया। इस पारिवारिक उत्सव में लालू यादव के छोटे बेटे और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, बेटी मीसा भारती सहित परिवार के सभी सदस्य एकजुट दिखाई दिए। जैसे ही घड़ी की सुइयां आधी रात को बदलीं, पूरा परिवार अपने साहेब और मुखिया को जन्मदिन की मुबारकबाद देने के लिए इकट्ठा हो गया। तेजस्वी ने अंतरंग तस्वीरों को खुद अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा कर पिता के प्रति अपना गहरा सम्मान और असीम प्रेम जाहिर किया।

## मरवाही में 4 हाथियों का उपद्रव : हॉस्टल की दीवार तोड़ी, कॉलोनी में मचा हड़कंप

रायपुर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में तब हड़कंप मच गया जब चार जंगली हाथी अचानक रिहायशी इलाके में घुसे। मरवाही स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और रेंज ऑफिस परिसर में इन विशालकाय हाथियों को टहलते देख लोगों में दहशत मच गई। सुबह-सुबह अपने घरों से निकले लोगों को जब सड़क पर हाथी नजर आए, वे हैरान हो गए। कई लोगों ने मोबाइल पर अनोखे और डरावने नजारे को कैद किया, जबकि कुछ लोग सुरक्षित दूरी से अप्रत्याशित मेहमानों को देख रहे थे। हाथियों के आबादी वाले क्षेत्र में पहुंचने की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम पहुंची। अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर हाथियों को वहां से खदेड़ने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद वनकर्मी उन्हें दर्रीटोला की दिशा में भेजने में कामयाब रहे, जिससे लगा कि फिलहाल खतरा टल गया है और लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि, यह राहत कुछ ही देर की साबित हुई। कुछ समय बाद वहीं चारों हाथी फिर से वापस लौट आए। इस बार वे एक छात्रावास की ओर बढ़े और उसकी बाउंड्री वॉल को तोड़ते हुए आगे निकल गए। इसके बाद हाथियों का यह दल नवाटोला स्थित आम की बगिया में पहुंच गया और वहीं कुछ समय के लिए डेरा डाल दिया। हाथियों की फिर वापसी ने वन विभाग की चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि एक बार आबादी वाले क्षेत्र का रास्ता पहचानने के बाद उनके बार-बार लौटने की संभावना बढ़ जाती है।

## सचिन पायलट का पूर्व सीएम गहलोत पर स्नेह बयान, भाजपा पर तीखा हमला

जयपुर(एजेंसी)। दौसा में पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट की 26वीं पुण्यतिथि पर आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा राजस्थान की राजनीति का केंद्र बनी। अपने दोनों बेटों के साथ पिता को श्रद्धांजलि देने पहुंचे कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने कई अहम राजनीतिक मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखी। हाल ही में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बगावत संबंधी बयानों पर पलटवार कर पायलट ने मुस्कुराते हुए कहा कि गहलोत जी का स्नेह उनके साथ भी उतना ही है, जैसा उनके बेटे वैभव गहलोत के साथ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में उनके बीच मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मनभेद कभी नहीं रहे। हालांकि, इससे ठीक पहले, पायलट ने बिना नाम लिए विरोधियों को आंख में आंख डालकर सच-झूठ पहचानने की चुनौती दी थी। अपने पिता के स्मारक से कांग्रेस नेता पायलट ने भजनलाल और केंद्र सरकार पर चौतरफा हमला किया। उन्होंने देश में नीट पेपर लीक और लगातार हो रही परीक्षाओं में धांधली पर गहरी चिंता जताकर कहा कि इससे 22 लाख से अधिक युवाओं का भविष्य दांव पर है। पायलट ने किसानों की घटती आमदनी, डीजल-पेट्रोल और गैस सिलेंडर के आसमान छूते दामों पर सवाल उठाए, साथ ही सरकार के किसान 20 दिन काम करता है जैसे बयानों को उनकी किसान विरोधी मानसिकता का परिचायक बताया।

## तमिलनाडु में सिंगप्पन स्पेशल फोर्स ने संभाला मोर्चा, महिला-बाल सुरक्षा हुई मजबूत

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री विजय द्वारा गठित सिंगप्पन स्पेशल फोर्स ने अपने औपचारिक उद्घाटन के बाद मोर्चा संभाल लिया है। इस विशेष बल की टीमें राज्य के संवेदनशील इलाकों में तुरंत तैनात हुई हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य महिला और बाल अपराधों पर लगाम लगाना है। पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) के.भुवनेश्वरी ने बताया कि बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, धार्मिक स्थल और अन्य भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती होगी है। साथ ही, घनी आबादी वाले क्षेत्रों और संभावित संवेदनशील जगहों पर निगरानी के लिए ड्रोनों का इस्तेमाल होगा। आईजी भुवनेश्वरी ने राजारथिनम स्टेडियम में पहल की शुरुआत के बाद बताया कि महिला पुलिसकर्मियों वाली यह विशेष इकाई महिलाओं की सुरक्षा और बचाव के लिए एक समर्पित है। अपनी प्रारंभिक अवस्था में, यह इकाई राज्यभर में 70 फील्ड यूनिट्स के साथ कार्य कर रही है, जिनमें 140 उप निरीक्षक और 420 कॉन्स्टेबल शामिल हैं। भविष्य में इसके विस्तार के लिए राज्यभर में कुल 2,545 नए पद भी स्वीकृत किए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर, आईजी भुवनेश्वरी ने स्पष्ट किया कि पीछा करने, यौन उत्पीड़न और सार्वजनिक रूप से अश्लीलता फैलाने जैसे अपराधों के दोषियों के खिलाफ तुरंत और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पहले चरण में, इन 70 विशेष टीमों में से 12 चेन्नई शहर में, जबकि अवादी और ताम्बरम पुलिस कमिश्नरेट में दो-दो टीमें कार्यरत रहेंगी। ये सभी टीमें स्थानीय पुलिस अधिकारियों की निगरानी में काम करेंगी और कंट्रोल रूम से प्राप्त होने वाली आपातकालीन सूचनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया देंगी, जिससे राज्य में महिला-बाल सुरक्षा तंत्र और मजबूत होगा।

## बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष पद पर फिलहाल बने रहेंगे ऋतब्रत बनर्जी

**–कलकत्ता हाईकोर्ट ने तत्काल हस्तक्षेप से किया इनकार**

**–टीएमसी की याचिका पर अगली सुनवाई 16 जून को**



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) की नियुक्ति को लेकर चल रहे राजनीतिक और कानूनी विवाद के बीच कलकत्ता हाईकोर्ट ने गुरुवार को महत्वपूर्ण अंतरिम फैसला सुनाया। अदालत ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की उस मांग पर तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया, जिसमें विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में ऋतब्रत बनर्जी की नियुक्ति पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया था। इसके साथ ही ऋतब्रत बनर्जी फिलहाल विपक्ष के नेता के पद पर बने रहेंगे।

यह मामला उस समय शुरू हुआ जब विधानसभा अध्यक्ष रथींद्रनाथ बोस ने टीएमसी के बागी नेता ऋतब्रत बनर्जी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता प्रदान कर दी। इस फैसले के बाद राज्य की राजनीति में विवाद खड़ा हो गया और तृणमूल कांग्रेस ने इसे चुनौती देते हुए अदालत का रुख किया। टीएमसी का तर्क है कि नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति केवल विधानसभा अध्यक्ष के विवेक पर आधारित नहीं हो सकती। पार्टी का कहना है कि इस पद के निर्धारण में सदन में दलों की वास्तविक संख्या, राजनीतिक परिस्थितियों और संसदीय परंपराओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए। पार्टी ने दावा किया कि विपक्ष में रहते हुए उसने इस जिम्मेदारी के लिए सोवंदेब चट्टोपाध्याय को चुना था और अध्यक्ष का निर्णय लोकतांत्रिक मानदंडों के अनुरूप नहीं है।

दूसरी ओर, विधानसभा अध्यक्ष के फैसले के बाद ऋतब्रत बनर्जी को आधिकारिक रूप से नेता प्रतिपक्ष की मान्यता मिल चुकी है। हाईकोर्ट द्वारा तत्काल रोक लगाने से इनकार किए जाने के बाद उनकी स्थिति फिलहाल यथावत बनी रहेगी। अदालत के इस अंतरिम रुख को राजनीतिक हलकों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विपक्षी दलों और राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इससे विधानसभा के भीतर चल रहे शक्ति संतुलन पर असर पड़ सकता है। वहीं टीएमसी इसे अपने राजनीतिक अधिकारों और संसदीय परंपराओं से जुड़ा मुद्दा बता रही है।

पार्टी ने विधानसभा अध्यक्ष पर आरोप लगाया है कि उन्होंने एक बागी विधायक को विपक्ष का नेता बनाकर स्थापित परंपराओं से हटकर निर्णय लिया है। टीएमसी का कहना है कि इससे सदन की राजनीतिक संरचना और विपक्षी दलों की भूमिका प्रभावित हुई है। मामले की अगली सुनवाई 16 जून को निर्धारित की गई है।

# 13 जून तक दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्यों में ओले व बारिश की संभावना

**–आने वाले दिनों में केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु में भारी बारिश का अनुमान**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर और मध्य भारत में भीषण गर्मी और लू का सामना कर रहे लोगों राहत मिल सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर-पश्चिम भारत के मौसम में बड़ा बदलाव आने वाला है। 13 जून तक दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में तेज आंधी-तूफान, आकाशीय बिजली कड़कने, ओलावृष्टि और व्यापक रूप से बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि मौसम की सबसे ज्यादा हलचल 11 और 12 जून को देखने को मिलेगी, जिससे बढ़ते पारे से बड़ी राहत मिल सकती है।

इस दौरान देश के कई हिस्सों में जिसमें दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र और उत्तर भारत के आस-पास के इलाके शामिल हैं बिजली कड़कने, तेज़ हवाओं और ओले गिरने के साथ आंधी-तूफान आ सकता है। पूर्वोत्तर राज्यों और पश्चिम बंगाल में अगले पांच से सात दिनों में कुछ जगहों पर 7 सेमी से 20 सेमी तक बारिश हो सकती है। दक्षिण के राज्यों केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु में भी भारी बारिश का अनुमान है। पिछले 24 घंटों में हिमालयी क्षेत्र, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के कुछ इलाकों में 12 सेमी से 20 सेमी के बीच बारिश दर्ज की गई।

विभाग के मुताबिक हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और पूर्वी मध्य प्रदेश में कुछ जगहों पर ओले गिरने की खबर है। देश के कई हिस्सों में आंधी-तूफान, बिजली कड़कने और तेज हवाएं चलने की घटनाएं भी देखी गईं। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में लू की स्थिति बने रहने की उम्मीद है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में ओले भी गिर सकते हैं, जिसके चलते आईएमडी ने इन क्षेत्रों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजस्थान और उत्तर प्रदेश में कुछ जगहों पर धूल भरी आंधी चलने की संभावना है, जबकि आने वाले दिनों में पूर्वी भारत में बिजली कड़कने और तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान आ सकता है।


दक्षिण-पश्चिम मानसून के अगले तीन से चार दिनों में महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के और हिस्सों में आगे बढ़ने की उम्मीद है। इस दौरान इसके तमिलनाडु के बाकी हिस्सों को भी कवर करने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड और ओडिशा के कुछ हिस्सों में मानसून के और आगे बढ़ने के लिए स्थितियां अनुकूल हो रही हैं। मध्य भारत के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की मदद से मानसून के आगे बढ़ने में मदद कर रहा है।

वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से अगले 24 घंटों में उत्तर-पश्चिम भारत में तापमान में कोई खास बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। हालांकि, 11 से 13 जून के बीच तापमान में 3 से 5 डिग्री की गिरावट आ सकती है, जिसके बाद धीरे-धीरे 2 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। मध्य भारत में, 12 जून तक तापमान काफी हद तक स्थिर रहने की उम्मीद है, उसके बाद इसमें 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। पूर्वी भारत में अगले दो दिनों तक तापमान में बहुत कम बदलाव की संभावना है, जिसके बाद 12 से 14 जून के बीच 2 से 4 डिग्री की गिरावट आ सकती है।

विभाग ने पूर्वी मध्य प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम और मेघालय के साथ-साथ अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में बिजली कड़कने और तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान आने की उम्मीद है। असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में कुछ जगहों पर भारी बारिश की संभावना है। भारी बारिश वाले अन्य इलाकों में अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, त्रिपुरा, तेलंगाना, कर्नाटक, दक्षिण कोंकण, तटीय कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और लक्षद्वीप शामिल हैं। कर्नाटक, गोवा और केरल के कुछ हिस्सों में हवा की गति 30-40 किमी प्रति घंटा रहने की संभावना है।

# टीएमसी में बगावत~ममता के पंसदीदा स्टार चेहरों की रहस्यमयी चुप्पी

**–सयानी घोष ममता और अभिषेक दोनों की करीबी**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के अंदर इन दिनों भारी उथल-पुथल मची हुई है। ममता की पार्टी के अंदर सुलग रही सियासी बगावत की आग अब खुलकर सामने आ गई है, जहाँ टीएमसी के विधायक के बाद सांसद भी बागी हो रहे हैं। टीएमसी के उन 19 बागी सांसदों की एक सूची सामने आई है, जिन्होंने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर एनडीए को समर्थन देने और काकोली घोष को अपना नेता घोषित किया है।

इस बागी सूची में सयानी घोष, शत्रुघ्न सिन्हा और यूसुफ पठान जैसे तीन बड़े और ग्लैमरस चेहरों के नाम भी शामिल हैं। सूची सामने आने के 24 घंटे से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी ये तीनों नेता पूरी तरह खामोश हैं। न उनकी तरफ से कोई आधिकारिक बयान आया है और न ही सोशल मीडिया पर कोई सफाई दी गई है, जिससे राजनीतिक गलियारों में अटकलों का बाजार बेहद गर्म है।

अपनी बेबाक बयानबाजी के लिए मशहूर आसनसोल सांसद शत्रुघ्न सिन्हा का 24 घंटे तक चुप रहना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। राजनीति के पुराने खिलाड़ी शत्रुघ्न सिन्हा ने अमूमन इसतरह के मामलों में तुरंत मीडिया के सामने आकर खंडन किया होता, लेकिन उनकी खामोशी यह संकेत देती है कि वे फिलहाल वेट एंड वॉच के मोड में हैं। मार्च 2022 में टीएमसी में शामिल हुए और ममता बनर्जी द्वारा गैर-बंगाली होने के बावजूद दिए गए सम्मान के बाद उनका बागी गुट में नाम आना पार्टी के लिए चिंता का कारण है।

बहरामपुर से टीएमसी सांसद बने पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान भी पूरी तरह मौन हैं। ममता बनर्जी ने उन्हें सियासत में लाकर एक बड़े धर्मनिरपेक्ष चेहरे के रूप में दिखाया था। इसके बाद बागी लिस्ट में उनका नाम होना और उनकी तरफ से कोई प्रतिक्रिया न आने से टीएमसी नेतृत्व के माथे पर शिकन साफ दिख रही है।

लेकिन इन बागी सांसदों में सबसे ज्यादा चौंकाने वाला नाम सयानी घोष का है। टीएमसी की युवा विंग की बड़ी नेता रहीं सयानी को ममता और अभिषेक बनर्जी का बेहद करीबी कहा जाता है। हर मुद्दे पर पार्टी का पक्ष आक्रामक तरीके से सोशल मीडिया और टीवी डिबेट में रखने वाली सयानी की चुप्पी बताती है कि पार्टी के भीतर सब कुछ ठीक नहीं है। ममता और अभिषेक बनर्जी भी सयानी के इस बदलाव को लेकर बेचैन हैं। सत्ता गंवाने के बाद पार्टी पहले से ही बिखराव के दौर से गुजर रही है, इसके बाद सयानी का बागी गुट के साथ जाना उनकी चिंताएं और बढ़ा रहा है।

वहीं टीएमसी की तरफ से डैमेज कंट्रोल की कोशिशें जारी हैं। सांसद कीर्ति आजाद ने बताया कि उन्होंने सयानी घोष से कई बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। सयानी की तरफ से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया न मिलना यह दर्शाता है कि बगावत की जड़ें अनुमान से कहीं ज्यादा गहरी हैं।

# मैं पूरी तरह उस पार्टी और नेतृत्व के साथ खड़ा हूं, जिसके साथ वर्तमान में जुड़ा हूं: सुप्रियो

**राजनीतिक प्रतिस्पर्धा अपनी जगह है, लेकिन विकास कार्यों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में सियासी उथल-पुथल जारी है। चुनाव हारने के बाद से टीएमसी लगातार बिखरती जा रही है और एक-एक करके ममता के करीबी उनका साथ छोड़ते जा रहे हैं। अब तक टीएमसी के तीन राज्यसभा सांसद इस्तीफा दे चुके हैं और एक अनुमानित लिस्ट में कई ऐसे बागियों के नाम हैं जो आने वाले दिनों में पार्टी छोड़ सकते हैं। इसी बीच तृणमूल कांग्रेस सांसद बाबुल सुप्रियो ने पार्टी में चल रही अंदरूनी उथल-पुथल और राजनीतिक अटकलों के बीच बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि मीडिया लगातार उनसे यह पूछ रहा है कि वे किस खेमे में हैं, जिससे वे थक चुके हैं। सुप्रियो ने साफ किया कि वह पूरी तरह उस पार्टी और नेतृत्व के साथ खड़े हैं, जिसके साथ वर्तमान में जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने जो जनादेश दिया है, उसका सम्मान करना लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है। इसी भावना के तहत वह राज्य सरकार के साथ तालमेल बनाकर अपने संसदीय क्षेत्र के विकास कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। बाबुल सुप्रियो ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना फंड को जनता का पैसा बताते हुए कहा कि यह राशि सीधे राज्य सरकार और जिला प्रशासन के जरिए खर्च होती है, न कि सांसद के निजी नियंत्रण में रहती है, उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि उपलब्ध निधि का करीब 90 फीसदी हिस्सा पश्चिम बंगाल में विकास परियोजनाओं पर खर्च किया जाए।

सुप्रियो ने याद दिलाया कि अतीत में राजनीतिक मतभेदों के बावजूद उन्होंने जनता के जनादेश का सम्मान करते हुए राज्य सरकारों के साथ काम किया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा अपनी जगह है, लेकिन विकास कार्यों और जनता के हितों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर ओपन लेटर की तरह एक लंबा जवाब लिखकर पोस्ट किया है और लिखा है कि मुझे किसी से व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है। हर व्यक्ति को अपने फैसले लेने का अधिकार है, मैं उन लोगों का बचाव नहीं करूंगा जिन्होंने भ्रष्टाचार किया, जनता का पैसा लूटा और सिस्टम को नुकसान पहुंचाया। ऐसे लोगों की जगह जेल में है और उन्हें कानून के मुताबिक सजा मिलनी चाहिए। उम्मीद है कि सभी दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

# नया भारत: पहली बार 12 परमाणु वॉरहेड को ऑपरेशनल रूप से तैनात किया

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिप्री) की नई रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने पहली बार 12 परमाणु वॉरहेड को ऑपरेशनल रूप से तैनात किया है, जो उसकी परमाणु नीति में बड़े बदलाव को दिखाता है। पहले भारत युद्धकालीन स्थिति में ही परमाणु वॉरहेड और मिसाइलों को जोड़ता था, लेकिन अब कुछ वॉरहेड मिसाइल साइलो और परमाणु पनडुब्बियों पर हमेशा तैयार रखे जाएंगे। इस कदम से भारत की परमाणु तैयारियों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है और यह उसके परमाणु त्रय (हवाई, जमीन और समुद्री) को और मजबूत बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। रिपोर्ट बताती है कि भारत अब मिसाइलों को कैनिस्टर में रखने और समुद्री प्रतिरोध गश्त जैसे उपाय कर रहा है, जिससे शांतिकाल में भी कुछ वॉरहेड लांचर से जुड़े रह सकते हैं। यह कदम सुरक्षा को लेकर भारत की बढ़ती चिंताओं का स्पष्ट संकेत देता है। भारत का परमाणु कार्यक्रम हमेशा से रक्षात्मक रहा है, जिसका उद्देश्य हमला करना नहीं, बल्कि दुश्मनों को रोकना है।

भारत अपनी नो फर्स्ट यूज (पहले परमाणु हमला न करने) की नीति पर दृढ़ता से कायम है, जिसका अर्थ है कि उसके परमाणु हथियार केवल जवाबी कार्रवाई के लिए हैं। यदि कोई देश भारत या उसकी सेनाओं पर परमाणु हमला करता है, तभी इनका इस्तेमाल किया जाएगा। भारत अपना परमाणु शस्त्रागार सीमित लेकिन प्रभावी रखता है, जिसका मकसद केवल दुश्मनों को रोकना है, न कि हथियारों की होड़ में शामिल होना। सिप्री के हालिया अनुमानों के अनुसार, भारत के पास करीब 190 परमाणु हथियार हैं, जो पिछले वर्ष से थोड़े अधिक हैं।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हथियारों की निगरानी करने वाली प्रमुख संस्था सिप्री की रिपोर्ट बताती है कि भारत इस बदलाव से अपनी सुरक्षा को और पुख्ता बनाने की कोशिश कर रहा है। इसी बीच, पाकिस्तान भी परमाणु हथियारों की दौड़ में शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के पास अनुमानित रूप से 170 परमाणु हथियार हैं और वह नई हथियार प्रणालियों का विकास जारी रखे हुए है, जिससे उसके भंडार में आने वाले दशक में और वृद्धि होने की संभावना है।

सिप्री ने अपनी रिपोर्ट में पिछले वर्ष भारत और पाकिस्तान के बीच रहे असामान्य रूप से गंभीर सैन्य संकट का भी उल्लेख किया है। मई 2025 में दोनों देशों के बीच हुए संक्षिप्त सैन्य संघर्ष के दौरान, भारत ने पाकिस्तानी हवाई और मिसाइल ठिकानों पर हमले किए थे, जिनके परमाणु स्तर तक बढ़ने की आशंका भी थी, हालांकि दोनों पक्षों ने तनाव को बढ़ने से रोकने के प्रयास किए। रिपोर्ट के अनुसार, भारत 2025 में 92.1 अरब अमेरिकी डॉलर के रक्षा व्यय के साथ दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश रहा है।



# एक साल से कुएं में कैद बेजुबान: प्रशासन की अनदेखी से सुअर भुगत रहा सजा, खुले कुएं बने मौत के कुएं

**स्थानीय लोग भोजन-पानी की कर रहे व्यवस्था,खुले और बिना मुंडेर के कुओं पर कार्रवाई नहीं होने से बढ़ रहा खतरा**

स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** प्रशासनिक उदासीनता का खामियाजा पिछले एक साल से एक बेजुबान मवेशी भुगत रहा है।मंगरोप कस्बे के मुख्य बस स्टैंड स्थित एक खुली मुंडेर वाले कुएं में करीब एक वर्ष पूर्व एक छोटा सुअर गिर गया था,जो आज भी उसी कुएं में फंसा हुआ है।उस समय उसकी उम्र लगभग एक माह थी,लेकिन प्रशासन और संबंधित विभागों की अनदेखी के चलते आज तक उसका रेस्क्यू नहीं हो सका है।-स्थानीय होटल संचालक राकेश साहू ने बताया कि बस स्टैंड पर व्यवसाय करने वाले लोग पिछले एक साल से उस बेजुबान के लिए भोजन और पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। रोजाना कुएं में खाने-पीने की सामग्री डाली जाती है तथा सरकारी ट्यूबवेल से पाइप के माध्यम से उसे पानी उपलब्ध कराया जाता है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि स्थानीय लोगों का सहयोग नहीं मिलता तो वह बेजुबान कब का दम तोड़ चुका होता।

### पहले भी सामने आ चुका है ऐसा मामला

ग्रामीणों ने बताया कि फरवरी 2024 में भी कस्बे में इसी तरह की एक घटना सामने आई थी।आईसीआईसीआई बैंक के पास महात्मा गांधी स्कूल के सामने स्थित बिना मुंडेर वाले कुएं में एक स्वान (सुअर) करीब आठ माह तक फंसा रहा था। प्रशासनिक लापरवाही के कारण उसे लंबे समय तक कुएं में ही जीवन बिताना पड़ा।बाद में उदयपुर से आई एनिमल रेस्क्यू सेंटर की टीम ने अध्यक्ष चमन सिंह चौहान के



नेतृत्व में करीब चार घंटे तक चले कठिन अभियान के बाद उसे सुरक्षित बाहर निकाला था।

### एसडीएम के निर्देश भी तबादले के साथ हो गए गायब

उक्त रेस्क्यू अभियान के बाद तत्कालीन हमीरगढ़ एसडीएम ने क्षेत्र में खुले और बिना मुंडेर वाले कुओं पर जाली लगाने तथा सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। लेकिन अधिकारियों के तबादले के साथ ही ये निर्देश भी फाइलों में दबकर रह गए।नतीजा यह रहा कि आज भी क्षेत्र में कई खुले,सूखे और बिना मुंडेर वाले कुएं लोगों और पशुओं के लिए खतरा बने हुए हैं।

### कई बेजुबान बन चुके हैं हादसों का शिकार

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में दर्जनों ऐसे कुएं हैं जिन पर न तो मुंडेर है और न ही सुरक्षा जाली।इन कुओं में गिरकर कई पशु अपनी जान गंवा चुके हैं,जबकि कई लंबे समय तक फंसे रहने को मजबूर हुए हैं।इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### ग्रामीणों ने उठाई कार्रवाई की मांग

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र के सभी खुले और बिना मुंडेर वाले कुओं का सर्वे कर उन्हें तत्काल सुरक्षित कराया जाए।साथ ही बस स्टैंड स्थित कुएं में पिछले एक साल से फंसे बेजुबान मवेशी का शीघ्र रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित बाहर निकाला जाए,ताकि वह भी प्रशासनिक लापरवाही की सजा से मुक्त हो सके।ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते खुले कुओं पर सुरक्षा उपाय नहीं किए गए तो भविष्य में ऐसे हादसे और बढ़ सकते हैं तथा कई और बेजुबान इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकाएंगे।

# ग्रामीणों ने अवैध शराब बिक्री पर जताया रोष, कंटेनर व खाली प्लॉट पर संचालन रोकने की मांग

स्मार्ट हलचल



**मंगरोप।** पंचायत समिति सुवाणा की ग्राम पंचायत भोली क्षेत्र के मंडपिया गांव के ग्रामीणों ने आबकारी विभाग को शिकायत देकर निर्धारित स्थान के अलावा अन्य जगहों पर कथित रूप से अवैध शराब बिक्री किए जाने का आरोप लगाया है।ग्रामीणों ने मण्डपीया चारणान चौराहा, भोली गांव तथा बाइपास क्षेत्र में लगाए गए कंटेनरों और एक खाली प्लॉट पर शराब विक्रय की गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।ग्रामीणों के अनुसार आबकारी विभाग द्वारा देशी एवं अंग्रेजी शराब की दुकान का आवंटन जानकी प्रोसेस के सामने स्थित सिद्धि विनायक कोल्ड स्टोरेज के पास किया गया है।आरोप है कि दुकान संचालक द्वारा आवंटित स्थल के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर भी लोहे के कंटेनर लगाकर शराब का विक्रय किया जा रहा है।शिकायत में कहा गया है कि एक कंटेनर भोली गांव में तथा दूसरा मण्डपीया बाइपास पर पुलिया के नीचे लगाया गया है,जहां से नियमों के विपरीत शराब बेची जा रही है।ग्रामीणों का कहना है कि निर्धारित समय और स्थान की शर्तों का उल्लंघन कर अवैध रूप से शराब बिक्री की जा रही है,जिससे आबकारी विभाग के दिशा-निर्देशों की अवहेलना हो रही है।उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में मण्डपीया चारणान क्षेत्र में चार अलग-अलग स्थानों पर कंटेनर एवं खाली प्लॉट पर शराब विक्रय केंद्र संचालित करने की तैयारी की जा रही है।ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि आबादी क्षेत्र के समीप इन स्थानों पर शराब बिक्री शुरू हुई तो वहां शराबियों का जमावड़ा लगने लगेगा।इससे गांव में आने-जाने वाली छात्राओं,महिलाओं एवं आम नागरिकों की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है तथा कानून-व्यवस्था और शांति भंग होने की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।शिकायत में ग्रामीणों ने बताया कि प्रस्तावित स्थानों को लेकर क्षेत्र में रोष व्याप्त है।उन्होंने प्रशासन और आबकारी विभाग से मांग की है कि आवंटित स्थल के अलावा अन्य स्थानों पर संचालित किए जा रहे अथवा प्रस्तावित शराब विक्रय केंद्रों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा मण्डपीया चारणान चौराहा और अन्य स्थानों पर कंटेनर एवं खाली प्लॉट में शराब बिक्री शुरू होने से पहले ही उस पर रोक लगाई जाए।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो क्षेत्र में जनआक्रोश बढ़ सकता है।फिलहाल ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

# डॉक्टर से फिरौती मांगने के मामले में 15,000 रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

संगठित अपराध में शामिल मुख्य अपराधियों को शरण देने और छिपाने वाला 15,000 के इनामी आरोपी सतुलाल माली को सुभाषनगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।इस मामले में संलिप्त 6 आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। यह कार्रवाई सागर राणा, पुलिस अधीक्षक, जिला भीलवाड़ा के आदेशानुसार, पारस मल जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के निर्देशन एवं हरजीराम, पुलिस उप अधीक्षक (वृत्त सदर) के निकटतम सुपरविजन में कैलाश कुमार विश्नोई (पुलिस निरीक्षक, थानाधिकारी सुभाषनगर) व साइबर सेल की टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई। पुलिस के अनुसार 17.02.2026 प्रार्थी अभिषेक पंवार (उम्र 44 साल), निवासी 4 एन 1 आरसी व्यास कॉलोनी, भीलवाड़ा डॉक्टर (प्रार्थी) के मोबाइल नंबर पर अलग-अलग नंबरों से व्हाट्सएप और ऑडियो मैसेज भेजकर बदनाम करने व वीडियो वायरल करने की



धमकी दी गई और 90 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई। रुपए न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की । अनुसंधान के दौरान सामने आया कि इस संगठित अपराध को अंजाम देने वाले इनामी वांछित आरोपी सिकन्दर उर्फ लोटरी को आरोपी सतुलाल माली निवासी वार्ड 41 पथिक नगर भीलवाड़ा ने जानबूझकर आश्रय दिया और छुपाया। सतुलाल के फरार होने पर उस पर 15,000 का इनाम घोषित किया गया था, जिसे साइबर सेल की तकनीकी मदद से डिटेन कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी एक आदतन और गंभीर किस्म का अपराधी है,जिस पर पूर्व में कई मामले दर्ज है।

# कुटरचित दस्तावेज बनाकर आबादी भूमि का बनाया फर्जी पट्टा, फिर करवा दी रजिस्ट्री

### बड़े फर्जी प्रकरण का खुलासा मामला दर्ज

स्मार्ट हलचल

**बनेड़ा।** उपखण्ड सर्किल के चमनपुरा ग्राम कि आबादी भुमि का एक व्यक्ति ने कुट रचित दस्तावेज से स्वयं फर्जी पट्टा तैयार करने के साथ ही उसका नवीनीकरण करने के बाद उक्त पट्टे की रजिस्ट्री करवा ली गई। रजिस्ट्री के बाद अजमेर जिले के बिजयनगर स्थित एक पाइवेट बैक से लोन के लिए आवेदन भी कर दिया गया। मगर बैंक द्वारा लोन वेरिफिकेशन के चमनपुरा पंचायत को पट्टे सहित अन्य काग़ज़ भेजे गए। तब इस फर्जी प्रकरण का खुलासा हो पाया। जिसके बाद फर्जी पट्टा बनाने का मामला थाने में दर्ज करवाया गया है। पुलिस बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर





के जांच शुरू की है। इस सम्बंध में चमनपुरा ग्राम पंचायत के सरपंच / प्रशासक एवं ग्राम विकास अधिकारी ने थाने में मांडल थाना सर्किल के गुढा गांव के रहने वाले हेमराज पिता गणेश लुहार के खिलाफ दर्ज कराई अपनी रिपोर्ट में बताया कि आरोपी हेमराज लुहार ने चमनपुरा पंचायत के रामपुरिया गांव स्थित मेगा हाइवे किनारे स्थित आबादी क्षेत्र की जमीन का पट्टा 20. अक्टूबर 2023 को सरपच और ग्राम विकास अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर और सील बनाकर के अपने नाम जारी कर लिया गया। जबकि उक्त प्लाट का पट्टा क्रमांक 166/16 दिनांक 19 फरवरी 2013 मे माया देवी पुत्री किशन गुर्जर के नाम पर पहले ही पंचायत द्वारा जारी किया जा चुका है। जिसकी पुर्व मे ही रजिस्ट्री हो चुकी है। इसके बाद हेमराज ने उक्त पट्टे का 17 फरवरी 2026 को नवीनीकरण भी जाली हस्ताक्षर और सील लगाकर के कर लिया गया। जबकि ग्राम पंचायत चमनपुरा मे प्रत्येक माह की पांच और बीस तारीख को कोरम की बैठक होती है।जिस पट्टा क्रमांक 71 से पट्टा बनाया गया।

इस क्रमांक की पट्टा बुक पंचायत की नहीं है। साध ही उक्त फर्जी पट्टे की 19 फरवरी 2026 को बनेड़ा तहसील कार्यालय में रजिस्ट्री भी करवा ली गई। रजिस्ट्री के दौरान गवाह के रूप मे रामप्रसाद पिता लेहरु लाल गुर्जर निवासी कोचरिया थाना मांडल तथा शिवराज पिता भेरू गुर्जर निवासी सालरियाकला थाना बनेड़ा उपस्थित थे। रजिस्ट्री के बाद हेमराज लुहार ने अजमेर जिले के बिजयनगर स्थित सीआरएसपी केपीटल शाखा से लोन लेने के लिए आवेदन कर दिया गया।जिसके बाद बैंक द्वारा उक्त पट्टे को वेरिफिकेशन हेतु। पंचायत चमनपुरा को भेजा गया। जिसके बाद उक्त फर्जी पट्टा प्रकरण का खुलासा हो पाया। जिसके बाद 8 जुन 2026 को ग्राम पंचायत चमनपुरा के ग्राम विकास अधिकारी भंवर सिंह पिता जय सिंह शेखावत (31)निवासी हिम्मतपुरा बगरू जिला जयपुर की रिपोर्ट पर बीएनएस 2023 की धारा 336(2) 338 340(2) 318 (4) मे दर्ज कर के जांच शुरू की है। वही फर्जी पट्टा तैयार करके रजिस्ट्री करवा देने के मामले में तहसीलदार से जानकारी चाहने पर बताया कि मुझे इस बारे में जानकारी नहीं है।

# अवैध बजरी परिवहन करते तीन ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** बड़लियास थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर थाने लाकर खड़ा किया । थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रही अवैध बजरी परिवहन अभियान के तहत पुलिस ने आज शुक्रवार को तीन अलग-अलग जगह पर कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर ट्रॉली को अवैध बजरी परिवहन करते हुए जब्त पर मामला दर्ज किया । पुलिस ने रेण,



सोलंकिया का खेड़ा व आकोला बनास नदी से एक-एक ट्रैक्टर ट्रोली को अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त कर तीन प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की । पुलिस की इस कार्रवाई में एएसआई गोपाल सिंह, दीवान सांवलदान, जितेंद्र कुमार, कांस्टेबल हरवीर, नाहर सिंह, दिनेश कुमार लक्ष्कार, मुकेश कुमार शर्मा व हरिओम आदि शामिल रहे।

# जिंदल को भूमि आवंटन करने के खिलाफ लगाई आपत्ति, सौंपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा


जिला कलेक्टर को सेवादल जिला कांग्रेस भीलवाड़ा के कार्यकर्ताओं ने जिंदल शा लिमिटेड को यूआईटी के द्वारा की जा रही भूमि आवंटन के खिलाफ आपत्ती लगाकर पुर व आसपास ग्रामीणों को जिंदल से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से बता कर आपत्ति दर्ज कराई। पुर के चिकित्सालय को पूर्व कांग्रेस सरकार के द्वारा पीएचसी को सीएचसी भूमि क्रमोनित करने के बाद भी अब तक सीएचसी की सुविधा आम नागरिकों को नहीं मिल रही है जबकि कुल जनसंख्या लगभग 50 से 60 हजार व आसपास के गांव भी लगते हैं रात्रि सुविधा भी नहीं है रात्रि कालीन कोई यहां मिलते ही नहीं है ताला लगा रहता है। पुर के पार्कों की हालत बहुत खराब है कोई देखरेख नहीं होती है व पुर के नालो की सफाई भी नहीं हो रही है बरसात का समय है नालों में पानी भरा रहता है जिससे मच्छर पैदा हो रहे हैं और बीमारियां फैल रही हैं तत्काल ठेकेदारों का पेमेंट रोका जाए । पुर स्थित शिव व्यायामशाला खेल का एक प्रमुख केंद्र है खिलाड़ी ने अब तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 9 पदक राष्ट्रीय स्तर पर 60 पदक और राज्य स्तर 80 पदक प्राप्त कर भीलवाड़ा जिले का नाम देश और दुनिया में रोशन किया करीब 100 बच्चे और बच्चियों को रोज कुश्ती कोच कल्याण बिश्नोई के द्वारा निशुल्क कोचिंग दी जाती है लेकिन खिलाड़ियों को शौचालय व आधुनिक जिम नहीं होने के कारण बहुत कठिनाइयों होती है । सदर बाजार से तेलियो की बाड़ी व बस स्टैंड तक बनी नई रोड पर राजकीय चिकित्सालय. राजकीय विद्यालय. प्राइवेट विद्यालय. सब्जी मंडी. बस स्टैंड मंदिर सभी इसी रोड पर है वाहन चालक इस मार्ग अत्यंत तीव्र गति एवं अनियंत्रित चलाते है जन सुरक्षा को देखते हुए गति अवरोधक स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की । सभी समस्याओं को तत्काल प्रभाव से जनता के हित में समाधान किया जाए सेवादल के कार्यकर्ता योगेश सोनी कुंदन शर्मा महावीर व्यास श्यामलाल पाराशर पुलकित ट्रेलर भेरूलाल सेन भंवर बिश्नोई रतन लाल तेली ने ज्ञापन दिया।

**भीलवाड़ा में वाहन चोर गिरोह सक्रिय**

# घर के बाहर खड़ी स्कार्पियो का लॉक तोड़कर चुराकर भागे

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा शहर में लगातार वाहन चोरी की घटना बढ़ती जा रही है ऐसा ही एक वारदात भीलवाड़ा शहर की पोस कॉलोनी कही जाने वाली आरसी व्यास कोलोनी में देखने को मिला हैं जहां चोरों ने गुरुवार देर रात घर के बाहर खड़ी एक स्कॉर्पियो का लॉक तोड़ा और उसे चुरा लिया। चोरी की वारदात घर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। घटना के बाद सुभाष नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी के आधार पर जांच शुरू कर दी है । आर सी व्यास कॉलोनी में रहने वाले दिनेश कुमार ने अपनी स्कॉर्पियो घर के बाहर खड़ी की थी। रात को अज्ञात व्यक्ति एक कार



लेकर आए, 10 मिनट तक स्कोर्पियो से छेड़छाड़ की और उसके बाद लॉक तोड़कर गाड़ी चुरा कर ले गए। सुबह जब उसने उठकर देखा तो घर के बाहर स्कोर्पियो नहीं थी।सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद में पता लगा कि अज्ञात चोर गाड़ी चुरा कर ले गए। गाड़ी के ओरिजिनल डॉक्यूमेंट भी गाड़ी के अंदर ही रखे हुए थे। फिलहाल पुलिस ने दिनेश की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# स्मार्ट मीटर व बढ़े बिजली बिलों के विरोध में काछोला में प्रदर्शन

**उपभोक्ताओं ने तहसील कार्यालय के बाहर नारेबाजी कर सौंपा ज्ञापन, मनमानी रोकने की मांग**

स्मार्ट हलचल | काछोला

काछोला कस्बे में स्मार्ट मीटर और बढ़े हुए बिजली बिलों को लेकर उपभोक्ताओं का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को ग्रामीणों ने विद्युत वितरण कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए तहसील कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और तहसीलदार कैलाश चंद्र मीणा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर समस्या समाधान की मांग की।

खेराड किसान महापंचायत के प्रवक्ता डॉ. एनके सोनी, अमित सिंह सोलंकी सहित उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली के बिल कई गुना बढ़ गए हैं, जिससे गरीब एवं आम उपभोक्ताओं पर आर्थिक भार बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान भी लापरवाही बरती जा रही है और ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा बिना जानकारी दिए पुराने मीटर हटाकर नए मीटर लगाए जा रहे हैं।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगाने वाले कर्मचारियों के पास न तो पहचान पत्र होता है और न ही विभागीय दिशा-निर्देशों की जानकारी दी जाती है। इस कारण उपभोक्ताओं को



परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस मामले को लेकर उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग मांडलगढ़ के एईएन लेखराज जांगिड़ को भी शिकायत की, लेकिन समाधान नहीं होने पर तहसील कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बढ़े हुए बिजली बिलों और प्रीपेड मीटर प्रणाली का विरोध करते हुए कहा कि बिल राशि उनकी आर्थिक क्षमता से बाहर है। प्रदर्शन के दौरान राजेंद्र सिंह सोलंकी, विजय राज सोनी, अमित सिंह, भेरूलाल, दिनेश आचार्य, मोहित गगरानी, कमलेश आचार्य, श्यामलाल धाकड़, एडवोकेट कुलदीप धाकड़ सहित कई महिला-पुरुष मौजूद रहे।

### इनका कहना

'काछोला कस्बे में स्मार्ट मीटर और अधिक बिल राशि की समस्या को लेकर उपभोक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया है। संबंधित विभाग को अवगत कराकर समस्या का समाधान कराया जाएगा। '

**कैलाश चंद्र मीणा, तहसीलदार काछोला**

# प्रदेशव्यापी कर्मचारी जागृति यात्रा का पांचवा दिन: भीलवाड़ा में गूंजी कर्मचारियों की बुलंद आवाज और कार्यकारिणी का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) द्वारा प्रदेशभर में संचालित 'कर्मचारी जागृति यात्रा' के पांचवे दिन आज भीलवाड़ा जिले में जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट के नेतृत्व मे कर्मचारियों का अभूतपूर्व उत्साह और जनसमर्थन देखने को मिला। संरक्षक राजेंद्र शर्मा ने बताया की सैकड़ों कर्मचारियों ने यात्रा का स्वागत करते हुए अपनी लंबित मांगों के समर्थन में एकजुटता का परिचय दिया तथा सरकार तक अपनी आवाज बुलंद तरीके से पहुँचाई। महामंत्री समर्थ कुमावत ने बताया की भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष पद पर लक्की ब्यावट को और पूरी कार्यकारिणी को प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौर ने शपथ दिलाई। कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमित व्यास ने बताया की यात्रा झालावाड़ से



रवाना होकर भीलवाड़ा पहुँची। भीलवाड़ा जिले में कर्मचारियों एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर यात्रा को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। कर्मचारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि अब उनकी जायज एवं वर्षों से लंबित मांगों की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार के समक्ष कर्मचारियों की लंबित एवं न्यायोचित मांगों को प्रभावी ढंग से रखना है।

### प्रमुख मांगें:

यात्रा के दौरानभीलवाड़ा प्रवक्ता गिरिराज लड्ढा महासंघ ने आरजीएचएस के निजीकरण पर रोक लगाने, सरेंडर लीव का भुगतान तत्काल जारी करने, 8, 16, 24 एवं 32 वर्ष पर चयनित वेतनमान का लाभ देने, बजट घोषणाओं को लागू करने, संविदा एवं ठेका कर्मियों को नियमित करने, मंत्रालय कर्मचारियों की द्वितीय पदोन्नती पर ग्रेड पे 4200 करने , पदोन्नति में दो वर्ष की छूट बिना शर्त लागू करने तथा वाहन चालक एवं तकनीकी कर्मचारियों जैसे आइसोलेट संवर्गों को पदोन्नति पर आर्थिक लाभ देने, होमगार्ड को 12 महीने रोजगार, महीला आंगनबाड़ी को सेवानिवृत्ति पर 3 लाख ग्रेच्युटी की बजट घोषणा को पूर्ण करने सहित 25 सूत्रीय मांग पत्र पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। यात्रा के दौरान महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि लंबे समय से लंबित मांगों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं।

इस अवसर पर महासंघ के महामंत्री मोहनलाल शर्मा, उपाध्यक्ष अजयवीर सिंह, राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शेर सिंह यादव, अधीनस्थ के ओम प्रकाश चौधरी, राजस्थान शिक्षक संघ (एकीकृत) के अध्यक्ष डॉ. रणजीत मीना, वन विभाग अध्यक्ष प्रकाश यादव, राजस्थान रोडवेज मंत्रालय अधीनस्थ संघ के महेश धाकड़, शशि कुमार शर्मा, वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ के प्रभु सिंह सहित अनेक पदाधिकारी एवं भारी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। भीलवाड़ा जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमित व्यास ने यात्रा को मिले अभूतपूर्व समर्थन के लिए सभी साथियों का आभार व्यक्त किया और चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

इस दौरान ललित जीनगर, करण सिंह, दिनेश खटीक, विनोद सोनी, सत्यनारायण सोनी, सुनील पोरवाल, बिज्जू मेथ्यु, काशीराम नायक, अंकित काबरा, कुलदीप, महिला प्रमुख अनीता चौधरी, नींरज व्यास, पवन देपन, पवन गर्ग, मोहन यादव, सेकड़ो कर्मचारी मौजूद रहे।

# चारा डालते समय पशु ने किया वृद्ध महिला पर हमला, मौत

स्मार्ट हलचल | बनेड़ा

एक वृद्ध महिला पशुओं को घास डाल रही थी उसी समय एक पशु ने महिला पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे गंभीर घायल अवस्था में महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई । जानकारी के अनुसार शुक्रवार को लसाडिया ग्राम में एक महिला द्वारा पशुओं को चारा डालते समय अचानक पशु ने उस पर हमला कर दिया इस हमले में वृद्ध महिला लादी देवी पत्नी कान्हा भील उम्र 87 वर्ष गंभीर घायल हो गई। 108 एंबुलेंस को सूचना पर पायलट प्रकाश कुमावत मौके पर पहुंचे और गंभीर घायल महिला को तुरंत बनेड़ा अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के बाद रेफर करने पर महात्मा गांधी अस्पताल भीलवाड़ा पहुंचाया गया । जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई ।

### ट्रैफिक व्यवस्था पर सवाल

दुर्घटना के बाद गंभीर घायलों को 108 एंबुलेंस कर्मियों द्वारा जब जिला अस्पताल भीलवाड़ा पहुंचाया जाता है तो रास्ते में यातायात व्यवस्थाओं के कारण कई बार मरीज को मौत का सामना करना पड़ता है क्योंकि भीलवाड़ा शहर में ऑटो चालकों तथा अन्य वाहनों द्वारा 108 एंबुलेंस को समय पर रास्ता नहीं दिया जाता है जो की गंभीर घायलों के लिए बहुत ही कीमती समय होता है परंतु एंबुलेंस को रास्ता नहीं मिलने के कारण कई बार दुर्घटनाग्रस्त मरीज को मौत का सामना करना पड़ता है।

# शाहपुरा की विश्वप्रसिद्ध फड़ कला में सजी हल्दीघाटी की गाथा

## विवेक जोशी ने रंगों में जीवंत किया महाराणा प्रताप का अदम्य शौर्य

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** राजस्थान की विश्वप्रसिद्ध शाहपुरा शैली की फड़ चित्रकला एक बार फिर इतिहास और संस्कृति के अद्भुत संगम की साक्षी बनी है। महाराणा प्रताप जयंती तथा हल्दीघाटी युद्ध के 450 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर युवा फड़ कलाकार विवेक जोशी ने अपने रंगों और पारंपरिक शैली के माध्यम से हल्दीघाटी युद्ध के रोमांचकारी दृश्यों को जीवंत कर दिया है। यह चित्र केवल एक कलाकृति नहीं, बल्कि मेवाड़ की आन-बान-शान और वीरता की अमर गाथा का दृश्य दस्तावेज बन गया है।

विवेक जोशी, देश के प्रख्यात फड़ चित्रकार शांति लाल जोशी के सुपुत्र हैं। शांति लाल जोशी को राष्ट्रपति पुरस्कार सहित अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है।



उनके द्वारा निर्मित फड़ चित्र आज भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों के संग्रहालयों, एयरपोर्ट, राजकीय भवनों और सांस्कृतिक संस्थानों की शोभा बढ़ा रहे हैं। सात सौ वर्षों से उनका परिवार शाहपुरा में रहकर इस पारंपरिक कला को उसकी मौलिकता और गरिमा के साथ आगे बढ़ा रहा है।

परिवार की इस समृद्ध कलात्मक विरासत को आगे बढ़ाते हुए विवेक जोशी के भाई विजय जोशी को भी हाल ही में माननीय राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। उनकी हस्तनिर्मित चित्रकला राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट की गई, जिससे शाहपुरा की फड़ कला को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली।

### 700 वर्षों की परंपरा को नई पीढ़ी दे रही नई पहचान

विवेक जोशी ने बताया कि यह वर्तमान चित्र एक अपेक्षाकृत छोटी फड़ है, जबकि इससे पहले वे हल्दीघाटी युद्ध पर 5 गुणा 12 फीट की विशाल फड़ चित्रकारी तैयार कर चुके हैं, जिसमें संपूर्ण युद्ध का विस्तृत चित्रण किया गया था। उनका उद्देश्य केवल चित्र बनाना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भारतीय इतिहास, वीरता और राजस्थान की समृद्ध लोककला से जोड़ना है। शाहपुरा की फड़ कला सदियों से लोककथाओं, देवगाथाओं और ऐतिहासिक प्रसंगों को चित्रों के माध्यम से जीवंत करती रही है। विवेक जोशी की यह नई कृति उसी परंपरा की सशक्त कड़ी है, जो रंगों के माध्यम से इतिहास को वर्तमान से जोड़ते हुए आने वाले समय के लिए सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण कर रही है।

### चित्र में सजी हल्दीघाटी की पूरी कथा

विवेक जोशी ने बताया कि उनकी इस विशेष फड़ चित्रकारी में हल्दीघाटी युद्ध की प्रमुख घटनाओं को क्रमबद्ध रूप से दर्शाया गया है। चित्र की शुरुआत उस प्रसंग से होती है, जब आमेर के राजा मानसिंह ने महाराणा प्रताप को वार्ता के लिए आमंत्रित किया। महाराणा प्रताप स्वयं नहीं गए और अपने पुत्र अमर सिंह को भेजा। इसे मानसिंह ने अपना अपमान माना और कहा कि अब मुलाकात युद्धभूमि में ही होगी।

इसके बाद चित्र में हल्दीघाटी का ऐतिहासिक युद्ध जीवंत हो उठता है। एक ओर महाराणा प्रताप अपनी वीर सेना के साथ हैं तो दूसरी ओर मानसिंह की विशाल मुगल सेना। युद्ध के सबसे प्रसिद्ध प्रसंग में महाराणा प्रताप अपने भाले से मानसिंह पर प्रहार करते दिखाई देते हैं, किंतु मानसिंह झुक जाने से बच जाते हैं। उसी दौरान हाथी की सूंड में लगी तलवार से महाराणा प्रताप का प्रिय अश्व चेतक गंभीर रूप से घायल हो जाता है।

चित्र में चेतक की स्वामीभक्ति का वह भावुक दृश्य भी दर्शाया गया है, जब घायल होने के बावजूद वह अपने स्वामी को सुरक्षित निकालते हुए पानी का दर्रा पार करता है। इसके साथ ही एक और मार्मिक प्रसंग चित्रित किया गया है, जिसमें महाराणा प्रताप के भाई शक्ति सिंह, जो उस समय मानसिंह की ओर से युद्ध कर रहे थे, अपने भाई की स्थिति देखकर पश्चाताप करते हैं और अंततः उनसे गले मिलते हैं। यह दृश्य केवल युद्ध नहीं, बल्कि रक्त संबंधों और आत्मसम्मान की भावना को भी अभिव्यक्त करता है।

# मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर वृक्षों की कटाई की जांच व कार्रवाई की मांग



स्मार्ट हलचल

**बिजयनगर।** राजकीय नारायण उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिजयनगर के खेल मैदान में लगाए गए लगभग 106 वृक्षों की कथित रूप से निर्ममतापूर्वक कटाई किए जाने के विरोध में भारत विकास परिषद मुख्य शाखा विजयनगर एवं कोमटा फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा।

तहसीलदार की अनुपस्थिति में तहसीलदार प्रतिनिधि ओमप्रकाश को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि करीब 10 से 12 फीट ऊंचे इन वृक्षों का पिछले तीन वर्षों से नियमित रूप से पानी, दवा एवं देखभाल कर संतान की तरह पालन-पोषण किया जा रहा था। ऐसे में इन वृक्षों की कटाई से सामाजिक संगठनों एवं आमजन में गहरा आक्रोश है।

ज्ञापन में मांग की गई कि यह अक्षम्य कृत्य किसके आदेश एवं किसके द्वारा किया गया, इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रतिनिधियों ने कहा कि एक ओर सरकार पर्यावरण संरक्षण पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर इस प्रकार वृक्षों की कटाई अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है।

इस अवसर पर भारत विकास परिषद मुख्य शाखा के साथ भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा, लायंस क्लब मुख्य, लायंस क्लब रॉयल, लायंस क्लब क्लासिक, भारतीय जैन संगठना एवं जैन सोशल ग्रुप विजयनगर के प्रतिनिधियों ने भी मुख्यमंत्री के नाम अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की।

# योग प्रशिक्षकों द्वारा फूल टाइम नियक्ति और वेतन वृद्धि की कर रहे हैं मांग



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

योग प्रशिक्षक महासंघ, भीलवाड़ा के जिला अध्यक्ष महावीर प्रजापत के नेतृत्व में आयुर्वेद विभाग के तहत कार्यरत योग प्रशिक्षकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की है।

भीलवाड़ा आयुर्वेदिक उपनिदेशक महोदय डॉ. महाराज सिंह के साथ भीलवाड़ा योग प्रशिक्षकों ने ज्ञापन में फुल टाइम नियुक्ति, वेतनवृद्धि की मांग का ज्ञापन सौंपा गया।

राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत राजकीय आयुर्वेद औषधालयों में महिला योग प्रशिक्षकों को 5 हजार तथा पुरुष योग प्रशिक्षकों को 8 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय पर कार्य कराया जा रहा है। प्रशिक्षकों का कहना है कि पिछले पांच वर्षों से वे अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन और प्रदर्शन करते आ रहे हैं। अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। जिले भर के सैकड़ों योग प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# शाहपुरा के लाल मोहम्मद रजा खान के हाथों में भारतीय टीम की कमान

## वर्ल्ड स्कूल बास्केटबॉल चेंपियनशिप के लिए सर्बिया रवाना

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा (भीलवाड़ा)।** शाहपुरा, भीलवाड़ा और पूरे राजस्थान के खेल जगत के लिए यह बेहद गौरवपूर्ण पल है। शाहपुरा के प्रतिभाशाली बास्केटबॉल खिलाड़ी मोहम्मद रजा ज्ञींद को भारतीय स्कूल बास्केटबॉल टीम की कप्तानी सौंपी गई है और उनके नेतृत्व में भारतीय टीम वर्ल्ड स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए जलातिबोर (सर्बिया) रवाना हो गई है। स्थानीय खेल प्रेमियों में इस उपलब्धि को लेकर जबरदस्त उत्साह है और सभी की निगाहें अब भारतीय टीम के प्रदर्शन पर टिकी हैं।

12 सदस्यीय भारतीय टीम रांची से दिल्ली पहुंची, जहां से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के माध्यम से सर्बिया के लिए प्रस्थान किया। टीम के साथ मुख्य कोच, सहायक कोच और फिजियो भी मौजूद हैं। इस



प्रतियोगिता में भारतीय बालकों की टीम के साथ-साथ भारतीय बालिका टीम भी हिस्सा लेने के लिए सर्बिया रवाना हुई है।

भारतीय टीम के सबसे भरोसेमंद और स्टार खिलाड़ियों में शामिल मोहम्मद रजा खान को कप्तान बनाए जाने को उनकी मेहनत, प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता का सम्मान माना जा रहा है। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि उनके नेतृत्व में भारतीय टीम इस बार अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन कर सकती है और पदक जीतने की मजबूत दावेदार है।

भारतीय टीम में राजस्थान के मोहम्मद रजा खान और संस्कार सैनी के अलावा दिल्ली के सिद्धार्थ मान एवं मोहम्मद सानी गौरी, सीबीएसई-डब्ल्यूएसओ के श्रीशरण वैदिवेल मुरुगन और शौर्य राहुल पांडे, कर्नाटक के दीक्षित अमीन, महाराष्ट्र के देवेश स्वप्निल पटेल, पंजाब के शौर्य सचदेवा, गुजरात के माधवेंद्र सिंह जैतावत तथा सीबीएसई के शुभम सिंह और हिमांशु सिंह को शामिल किया गया है। यह टीम देश के विभिन्न राज्यों की श्रेष्ठ प्रतिभाओं का प्रतिनिधित्व कर रही है।

टीम के साथ मुख्य कोच कालवा राजेश्वर राव, सहायक कोच कालवा राधा राव तथा फिजियो कुणाल कुमार राजकुमार चूड़ास्मा भी सर्बिया गए हैं, जो खिलाड़ियों के तकनीकी और शारीरिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

प्रतियोगिता में भारतीय टीम को ग्रुप-एफ में रखा गया है, जहां उसका मुकाबला चाइनीज ताइपे, स्लोवाकिया और चेक गणराज्य जैसी मजबूत टीमों से होगा। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में कुल 32 टीमें भाग ले रही हैं, जिन्हें आठ समूहों में विभाजित किया गया है। प्रतियोगिता का आयोजन 13 जून से 22 जून तक किया जाएगा।

शाहपुरा और राजस्थान के खेल प्रेमियों का विश्वास है कि कप्तान मोहम्मद रजा खान अपने नेतृत्व और शानदार खेल के दम पर भारतीय टीम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। उनके कप्तान बनने से स्थानीय युवाओं में भी खेलों के प्रति नया उत्साह पैदा हुआ है। यदि भारतीय टीम पदक जीतने में सफल रहती है, तो यह न केवल देश बल्कि शाहपुरा और राजस्थान के लिए भी ऐतिहासिक उपलब्धि होगी।

# ख़ज़ीना से बाईक चोरी

स्मार्ट हलचल

**आकोला।** क्षेत्र के खजीना गांव से शुक्रवार रात्री में मोटर साइकिल चोरी । खजीना निवासी रामेश्वर लाल जाट ने बताया कि शुक्रवार रात्री ड्रेगन फ्रुट कृषि फार्म के सामने होटल पर अपनी मोटर साइकिल बजाज डिस्कवर रंग काला व लाल को लॉक कर पास ही सो गया । रात्री 3 बजे जब निंद खुली तो देखा कि मोटर साईकिल गायब थी । चोरी की रिपोर्ट बड़लियास थाना में दर्ज कराई



। पुलीस मामले की तहकीकात कर रही है।

# महेश नवमी महोत्सव पर होगा शोभायात्रा एवं रक्तदान शिविर



स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** मांडलगढ़ तहसील माहेश्वरी सभा द्वारा आयोजित तहसील स्तरीय महेश नवमी महोत्सव को भव्य रूप देने के लेकर तहसील अध्यक्ष ओम प्रकाश मूंदड़ा एवं काछोला अध्यक्ष सूरतराम गगरानी के नेतृत्व मे बीस सदस्यीय प्रतिनिधी मण्डल ने माण्डलगढ़ व बरून्दनी कस्बे में बैठक आयोजित की। तहसील मंत्री ओम प्रकाश लढ़ा ने बताया कि काछोला कस्बे में आयोजित तहसील स्तरीय महेश नवमी महोत्सव में मांडलगढ़ तहसील के लगभग तीस गांवो के माहेश्वरी परिवार भाग लेंगे। 23जून को प्रातः 9बजे बैण्ड के साथ भगवान महेश की विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी। 12बजे से मंचीय कार्यक्रम होगें। जिसमें महेश वंदना, अतिथियों का उद्बोधन, समाज की प्रतिभाओं का सम्मान, 80वर्ष से ऊपर वृद्धजनों का सम्मान समारोह, और स्नेहभोज का आयोजन होगा। साथ ही इससे पूर्व मांडलगढ़ कस्बे में 21जून स्वर्गीय लक्ष्मी देवी सोमानी की पूण्य स्मृति में एक विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर तहसील के पूर्व अध्यक्ष गोवर्धन लाल झंवर, मानसिंह मूंदड़ा, रमेशचंद्र बसेर, मुरली मनोहर गट्यानी, राजू मालू, परमेश्वर मंत्री, जगदीश बसेर, बजरंग मंत्री, अरविंद डागा, मुरली मूंदड़ा, शान्ति लाल काबरा, राधेश्याम मालू, कृष्ण गोपाल नकलक, महावीर बसेर, छीतर लाल मंत्री, गोपाल तुरक्या, सत्यनारायण भण्डारी, जीवन असावा, विनोद असावा, भगवान काबरा, राजकुमार भण्डारी सहित कई समाज जन उपस्थित थे।

# गांगलास में 20-21 जून को चारभुजा-नाथ मंदिर महोत्सव

## कथा, मेला और भजन संध्या का होगा आयोजन

स्मार्ट हलचल

मोड़ का निंबाहेड़ा क्षेत्र के गांगलास गांव स्थित श्री चारभुजा-नाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के सफल चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 20 एवं 21 जून 2026 को भव्य दो दिवसीय मेला एवं कथा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के शिवराज सुखवाल एवं विनोद सुखवाल ने बताया कि समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित होने वाले इस धार्मिक महोत्सव को लेकर क्षेत्र में श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह बना हुआ है। उन्होंने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 14 जून से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के साथ होगा, जो 20 जून तक प्रतिदिन रात्रि 8:15 बजे से प्रभु इच्छा तक आयोजित की जाएगी। कथा का वाचन सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित दिनेश कृष्ण शास्त्री द्वारा किया जाएगा, जबकि संगीत सेवा कमलेश व्यास प्रदान करेंगे।

महोत्सव के तहत 20 जून को प्रातः 8:15 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गांगलास परिसर में विशाल रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित होगा, जिसमें क्षेत्र के नागरिकों से अधिकाधिक भागीदारी की अपील की गई है।

21 जून को प्रातः 9:15 बजे ठाकुरजी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इसके पश्चात दोपहर 3:15 बजे विशाल महाप्रसादी (अन्नकूट भंडारा) का आयोजन किया जाएगा।

महोत्सव के समापन अवसर पर 21 जून को रात्रि 9:15 बजे प्रसिद्ध भजन गायक राजू रावल एवं विनोद सिखवाल द्वारा भव्य भजन संध्या प्रस्तुत की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन बबलू शर्मा करेंगे। वहीं, आयोजन का डिजिटल लाइव प्रसारण मीरा लाइव मेवाड़ के माध्यम से किया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थत होकर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का लाभ लेने तथा आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ ग्यारस उद्यापन महोत्सव

## 7 जोड़ों ने यज्ञ में दी आहुतियां

स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** निकटवर्ती कुम्हारिया गांव स्थित चारभुजा नाथ मंदिर में दो दिवसीय ग्यारस उद्यापन कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के माहौल में हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत डीजे पर बज रही धार्मिक धुनों के बीच निकाली गई भव्य कलश यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया।वेदाचार्य महावीर दाधीच के सानिध्य में आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान सात



पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न कराया गया।यज्ञ में सात दंपतियों ने विधि-विधान से हवन कुंड में आहुतियां देकर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।आयोजक सदस्य सांवरलाल ने बताया कि गांव की करीब 30 महिलाएं पिछले एक वर्ष से नियमित रूप से ग्यारस व्रत का पालन कर रही थीं। व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया।शुक्रवार सुबह भी यज्ञ एवं हवन कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें सात जोड़ों ने हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कीं।इसके बाद विशाल भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया।प्रसादी में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया।पूरे कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।आयोजन को सफल बनाने में ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा।इस अवसर पर रामपाल गुर्जर, शंभू सिंह, राधाकिशन, गिरधारी सिंह, सांवरलाल, शंकरलाल गुर्जर, कालूलाल गुर्जर सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# बिजौलिया की बेटी चार्वी विजय ने राष्ट्रीय स्तर पर चमकाया नाम

स्मार्ट हलचल

**बिजौलिया।** BITS UGEE, IIIT हैदराबाद और छ्ब्धश्च एडवांस में हासिल की सफलता बिजौलिया। कस्बे की होनहार बेटी चार्वी विजयवर्गीय ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए देश की प्रतिष्ठित आईआईटी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



चार्वी ने BITS UGEE, IIIT हैदराबाद प्रवेश परीक्षा और जेइइ एडवांस जैसी देश की कठिन परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है। चार्वी की इस उपलब्धि से बिजौलिया कस्बे में खुशी का माहौल है। चार्वी के पिता मुकेश विजय ने बताया कि चार्वी ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। 12वीं सीबीएसइ परीक्षा में उन्होंने 95.6% अंक हासिल कर ब्लॉक में टॉप किया था। वहीं चार्वी के दादा राम प्रसाद विजय ने बताया कि चार्वी बचपन से ही पढ़ाई में रुचि रखने वाली और मेहनती छात्रा रही हैं। वह आगे इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती है। काउंसलिंग के बाद चार्वी का देश के टॉप आईआईटी कॉलेज में एडमिशन होगा। चार्वी की सफलता ने यह साबित किया है कि छोटे कस्बों की प्रतिभाएं भी उचित मार्गदर्शन और दृढ़ संकल्प के साथ राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान है।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर चलाया जनजागरूकता अभियान

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर पुलिस विभाग , श्रम विभाग जिला बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, नवाचार संस्थान सहयोगी संस्था जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन ने जिले में बाल मजदूरी के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे है जिसके तहत आज 12 जून को पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन पर महिला थानाधिकारी अयूब खां व उनकी टीम मानव तस्करी विरोधी इकाई ईश्वर सिंह श्रम विभाग से श्रम निरीक्षक' शिवराज जी ,कोतवाली थाना टीम बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के निर्देशानुसार चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 परियोजना समन्वयक हेमंत सिंह सिसोदिया, काउंसलर निर्मला




पुरोहित, सुपरवाइजर राजेश कुमार एवं आनंद कुमार, केस वर्कर सुमन साहू, नवाचार संस्थान से जिला समन्वयक जितेन्द्र सिंह तोमर , भगवत सिंह व उनकी टीम शामिल रही । इस अवसर पर विभिन्न सरकारी विभागों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों के अफसरों, सामुदायिक नेताओं और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

एक्शन मंथ में अभी तक 8 बच्चे बालश्रम एवं भिक्षावृति से मुक्त कराये गये , मुक्त कराए गए बच्चों की उम्र 8 से 17साल के बीच है और ये कई वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में पिछले कुछ महीने से काम कर रहे थे। शुरुआती जांच से पता चला है कि इनसे बेहद अमानवीय और शोषणकारी स्थितियों में काम लिया जा रहा था। स्वास्थ्य के लिए खतरनाक स्थितियों में मामूली पैसे पर इन्हें दिन रात खटाया जा रहा था जिससे इनकी सेहत व मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा था। बच्चों को मुक्त कराने के बाद जिम्मेदार तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है और पीड़ित बच्चों को पुनर्वास, मुआवजा व अन्य सुविधाएं दिलाने की प्रक्रिया जारी है जिसके वे अधिकारी हैं।

जून महीने को बाल श्रम के खिलाफ 'एक्शन मंथ' के तौर पर मनाया जाता है और चूंकि बाल दुर्व्यापार यानी बच्चों की ट्रैफिकिंग बाल मजदूरी का मुख्य कारण है, इसलिए नवाचार संस्थान इस दौरान पुलिस व प्रशासन के साथ मिलकर दुर्व्यापारियों और उनके गठजोड़ की शिनाख्त के लिए कड़ी नजर रखते हैं।

इस मौके पर कानून लागू करने वाली एजेंसियों और जिला प्रशासन को हरसंभव सहयोग का वादा करते हुए कहा कि , 'शोषण व मजदूरी से मुक्त कराए गए हर बच्चे के शिक्षा के अधिकार, सुरक्षा व गरिमा की आज एक बार फिर बहाली हुई है। बाल श्रम बच्चों को उनके बचपन और मूल अधिकारों से महरूम कर देता है, लिहाजा इस समस्या से तत्काल निपटने की जरूरत है। बच्चों की जगह ढाबों और फैक्ट्रियों में नहीं बल्कि स्कूल में है। चूंकि ट्रैफिकिंग और बाल मजदूरी आपसे में गहरे तक जुड़े हैं, हम ट्रैफिकिंग की रोकथाम, बच्चों को मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन प्रशासन व कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ करीबी समन्वय के साथ काम करते रहेंगे। साथ ही, हम सुनिश्चित करेंगे कि हर बच्चे की देखभाल हो, समुचित पुनर्वास हो और उसे वो सभी सुविधाएं मिलें जिसका वह हकदार है।

# स्वामी गोविंद देव गिरी जी के जीवन प्रबंधन पर दो दिवसीय प्रवचन 18 से

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

ए बी माहेश्वरी एजुकेशनल ट्रस्ट भीलवाड़ा के तत्वाधान श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास अयोध्या के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी जी के दो दिवसीय प्रवचन 18 जून को रात्रि 7 से 9 तक व 19 जून को रात्रि 8 से 10 बजे तक तेरापंथ भवन तेरा पंतनगर चित्तौड़गढ़ आर ओ बी के पास भीलवाड़ा पर आयोजित किए जाएंगे।

मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि जगदीश प्रसाद, नवनीत कुमार, श्लोक सोमानी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कई भाषाओं को जानने वाले पूज्य स्वामी गोविंद देव गिरी जी भीलवाड़ा में पहली बार अपना जीवन प्रबंधन ,सुखी जीवन ,सफल जीवन जीने कि कला पर प्रवचन देंगे वह श्री कृष्ण जन्मभूमि



न्यास मथुरा के उपाध्यक्ष व देशभर में इनके मार्गदर्शन में 50 कार्यरत प्रमुख संस्थाएं हैं दो दिवसीय प्रवचन में सार्थक जीवन आनंद में जीवन सार्थक सोच,सफल जीवन- यही असली जीवन प्रबंधन है, समय, संकल्प और संतुलन- सफल जीवन की नींव है, जो जीवन को सवारे, वही सच्चा प्रबंधक है, सफल वही जिनके जीवन को जाना, सार्थक वही जिसने जीवन को माना इस पर दो दिवसीय जीवन प्रबंधन पर विशेष प्रवचन आयोजित किए जाएंगे।

आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शहरी व ग्रामीण सेवा शिविरों का जिलेभर में हुआ शुभारंभ

# संभागीय आयुक्त व जिला कलक्टर ने किया शिविरों का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए समस्याओं के मौके पर ही निस्तारण करने के निर्देश

स्मार्ट हलचल| बूंदी

जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों का शुभारंभ हुआ। संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल और जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव ने कुम्भा स्टेडियम स्थित नगर परिषद कार्यालय में आयोजित शहरी सेवा शिविर का जायजा लिया और व्यवस्थाएं देखी। निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त ने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से बातचीत कर उनके आवेदनों की स्थिति जानी। शिविर में मौके पर ही जन्म, मृत्यु और विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र जारी किए गए। इसके अलावा, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर्स के ऋण आवेदन स्वीकृत कर पात्र लोगों को योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। संभागीय आयुक्त ने आमजन से इन शिविरों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि अभियान के तहत भूमि संबंधी कार्यों को प्राथमिकता से निपटाया जा रहा है। इनमें पट्टे जारी करना, उपविभाजन, भू-उपयोग परिवर्तन, लीज होल्ड से फ्री होल्ड, नामान्तरण, भवन निर्माण स्वीकृति और ब्याज में



छूट जैसे मामले शामिल हैं। साथ ही फायर एनओसी, ट्रेड लाइसेंस और ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र भी मौके पर ही बनाए जा रहे हैं। विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों का हाथों-हाथ निस्तारण कर रहे हैं।

इस दौरान पूर्व सभापति नगर परिषद सरोज अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, सचिव आशा मीणा, जिला परियोजना अधिकारी शालिनी जैन, राजस्व अधिकारी रूही खान, रवि दाधीच, सहायक अभियंता दिनेश मीणा, कनिष्ठ अभियंता विकास मीणा, जोधराज मीणा, अनिल मेहरा, रोहित सोनी आदि उपस्थित रहे।

### ग्रामीण सेवा शिविर का लिया जायजा

संभागीय आयुक्त ने तालेड़ा उपखंड के अकतासा गांव में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों के कार्य उसी दिन पूरे होने चाहिए, ताकि उन्हें बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें।

### एसडीएम कार्यालय का संभागीय आयुक्त ने किया निरीक्षण

गीय आयुक्त ने उपखंड अधिकारी कार्यालय बूंदी का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय के रिकॉर्ड और पेंशन संबंधी आवेदनों की बारीकी से जांच की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के दौरान प्राप्त पेंशन प्रकरणों का प्राथमिकता से निपटारा किया जाए। साथ ही, जीसीएमएस पोर्टल का नियमित अवलोकन करने और राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान कार्यवाहक उपखण्ड अधिकारी बनवारी लाल बैरवां उपस्थित रहें।

# 12 वर्षीय गौ सेवा परमार्थ पद यात्रा का ऊपरमाल प्रवेश पर स्वागत किया



स्मार्ट हलचल

गौ सेवा परमार्थ यात्रा के अंतर्गत 12 ज्योतिर्लिंग, 4 धाम एवं 51 प्रमुख शक्ति पीठ अखंड भारत पद यात्रा बाल योगी बलरामपुरी महाराज द्वारा की जा रही है,यात्रा का शुभारंभ 22 मई 2023 को उज्जैन महाकाल से हुआ था जो 22 मई 2038 मानसरोवर मे संपूर्ण होगी, यात्रा का उद्देश्य गौ माता की सेवा, संरक्षण तथा सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार करना है, श्रवण सेन तिलस्वा ने बताया की भगवान लड्डू गोपाल की रथ यात्रा 10 जून को ऊपरमाल क्षेत्र मे आगमन पर जगह जगह यात्रा का स्वागत सम्मान किया गया,11 जून को तिलस्वा महादेव दर्शन के साथ रात्रि भेरू नाथ मंदीर पर भजन संध्या का आयोजन हुआ, रथ यात्रा मे त्रिवेणी मंदीर अध्यक्ष कैलाश सेन, कोषाध्यक्ष नंद लाल सेन, उपाध्यक्ष राधेश्याम सेन,एडवोकेट जमना लाल, गोपाल सेन लाडपुरा, रावडदा सरपंच राजकुमार सेन, कैलाश सेन, भेरू लाल सेन, शंभु लाल, पप्पू लाल, अन्नू कुमार आरोली, फतेह लाल सेन,रामेश्वर लाल सेन, कमलेश सेन छोटी बिजौलिया, तेजमल श्यामपुरा,बालू सेन चाँद जी की खेड़ी, रमेश भूति, मुकेश सेन, भेरू सेन, विशाल, दिनबंधु सेन तिलस्वा, गोविंद इंद्रपुरा साथ रहे।

# पिछले 4-5 दिन से चल रहा टीमली मंदिर का विवाद खत्म



स्मार्ट हलचल

**सांगोद।** टीमली गांव में पिछले 4-5 दिनो से श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर ठीमली तहसील सांगोद में पूजा-अर्चना संबंधी विवाद को उपखंड अधिकारी दीपक महावर की मध्यक्षता में खत्म कर दिया गया है। पुजारी पक्ष एवं ग्रम वासियों के बीच पूजा-अर्चना एवं मंदिर के नाम दर्ज चल एवं अचल संपत्ति को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई थी। उपखंड अधिकारी दीपक महावर ने प्रकरण में संज्ञान लेते हुए 12 जून 2026 को दोनो पक्षों को कार्यालय में बुलाकर आपसी समझाईश से एक कमेठी का गठन कर विवाद को खत्म किया। कमेठी ही अब मंदिर से संबंधित समस्त निर्णय लेगी तथा मंदिर की देखरेख संबंधी समस्त कार्य संपादित करेगी। कमेठी में उपखंड अधिकारी अध्यक्ष एवं तहसीलदार सांगोद उपाध्यक्ष तथा सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी एवं विघुत विभाग, सहायक विकास अधिकारी प0स, प्रतिनिधि देवस्थान विभाग, थानाधिकारी सांगोद को सदस्य नियुक्त किया गया है। दोनो पक्षों ने आपसी सहमति से विवाद खत्म होने पर उपखंड अधिकारी का आभार व्यक्त किया।

# संजय कॉलोनी चारभुजा मंदिर में गूंजे शंखनाद, भव्य कलश यात्रा के साथ 26वां पाटोत्सव एवं भागवत कथा शुरू

**मेवाड़ी पगड़ी में पुरुष और लाल चुनरी में सजीं महिलाएं बनीं आकर्षण, बग्गी में विराजे आचार्य शक्ति देव**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** श्री चारभुजा मंदिर सेवा समिति एवं महिला मंडल के तत्वावधान में संजय कॉलोनी चारभुजा मंदिर में आयोजित 26वें श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ एवं पाटोत्सव का आज सुबह भक्तिमय माहौल में भव्य शंखनाद हो गया। सुबह ठीक 7.30 बजे चारभुजा मंदिर परिसर से जब मंगल कलशों के साथ भव्य शोभायात्रा रवाना हुई, तो पूरा क्षेत्र श्जय श्री कृष्णश् और श्चारभुजा नाथ की जयश् के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। कलश यात्रा में मेवाड़ की अनूठी सांस्कृतिक झलक देखने को मिली। यात्रा में शामिल पुरुष जहां पारंपरिक श्वेत वस्त्र और सिर पर मेवाड़ी पगड़ी धारण किए हुए थे, वहीं महिला मंडल की सदस्य लाल चुनरी की साड़ियों में सिर पर मंगल कलश लिए अनुशासन के साथ चल रही थीं। ढोल-नगाड़ों और बैंडबाजे की भक्तिमय धुनों पर श्रद्धालु झूमते-



नाचते नजर आए। शोभायात्रा के मुख्य आकर्षण कथावाचक आचार्य शक्ति देव महाराज रहे, जो एक बेहद खूबसूरत और सुसज्जित बग्गी में विराजमान होकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दे रहे थे। इससे पूर्व, भागवत एवं मुख्य कलश की अगवानी का विशेष लाभ उठाने वाले राम राय गट्टानी एवं आशा देवी गट्टानी परिवार ने विधि-विधान से पूजन कर यात्रा की शुरुआत की। चारभुजा मंदिर से शुरू होकर यह शोभायात्रा महेश मार्ग, नेहरू रोड और महावीर मार्ग सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरी। पूरे मार्ग में धर्मप्रेमी जनता ने पलक-पावड़े बिछाकर यात्रा का स्वागत किया। महेश मार्ग चौराहे पर गोल्ड बीसी ग्रुप के सदस्यों द्वारा पूरी यात्रा पर भारी पुष्पवर्षा की गई। भीषण गर्मी को देखते हुए मंदिर के मुख्य द्वार पर भदादा परिवार की ओर से एवं मार्ग में विनोद कोगटा परिवार द्वारा तथा समिति द्वारा जगह-जगह भक्तों के लिए शीतल पेय व ठंडे पानी की माकूल व्यवस्था की गई थी। शोभायात्रा के निर्धारित कथा स्थल पर पहुंचने के बाद भागवत जी की प्रथम आरती उतारी गई, जिसका सौभाग्य ओमप्रकाश गट्टानी एवं प्रेम बाई गट्टानी परिवार को मिला। श्री चारभुजा मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष जगदीश चंद्र देवपुरा एवं मंत्री अरविंद जैन ने बताया कि पाटोत्सव के तहत प्रतिदिन शाम 7 से रात्रि 10 बजे तक आचार्य शक्ति देव महाराज द्वारा भागवत कथा महात्म्य का वर्णन करेगे। शनिवार सुबह 8 बजे से सुख-शांति की कामना को लेकर प्रतिदिन होने वाले यज्ञ एवं हवन की शुरुआत होगी, जिसमें आहुतियां दी जाएंगी। धार्मिक महोत्सव को भव्य रूप देने के लिए क्षेत्र के श्रद्धालु और पदाधिकारी दिन-रात तैयारियों में जुटे हैं। आयोजन की व्यवस्थाएं संभालने में गणपत खारीवाल, नरेन्द्र तातेड़, प्रकाश देवपुरा, रामप्रकाश डाड, रमेश वर्मा, ओम भदादा, गोपाल तोषनीवाल, अरुणेश शर्मा, प्रहलाद त्रिपाठी, ओमप्रकाश गट्टानी, हस्ती मल तातेड़, राजेश कोगटा, कृष्ण गोपाल गन्दोड़िया, रामपाल मंत्री, मदन गट्टानी, पंडित गजानन्द शर्मा, सुनील डाड, श्याम गट्टानी, जगदीश समदानी, दिनेश मालीवाल, संजय सुराना, राम राय गट्टानी, दिनेश टेलर, राजेन्द्र जैन, राम निवास डाड सहित विभिन्न सेवादारों की टीम सक्रिय रूप से जुटी हुई है।

# सरदार नगर के ग्रामीणों ने बजरी माफिया द्वारा लगाए आरोपों का किया विरोध

**बोले सरपंच पुत्र, परिवार ओर गांव के युवा निर्दोष**



स्मार्ट हलचल|बनेड़ा

उपखण्ड सर्किल के सरदारनगर ग्राम के लोगों ने शुक्रवार को उपखण्ड अघिकारी को ज्ञापन देकर के एक बजरी माफिया द्वारा लगाए गए झूठे आरोपों में सरपंच पुत्र, उसके परिवार व गांव के निर्दोष युवाओं को फंसाने के विरोध में एवं मामले की सक्षम अधिकारी से निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर ज्ञापन।

सरदारनगर ग्राम के लोगों ने उपखण्ड अघिकारी बाबू लाल को सोपे अपने ज्ञापन में बताया कि गांव के पास स्थित छारूल माताजी के मंदिर परिसर मे ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में स्वीकृत निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। इस निर्माण कार्य को बाधित करने के लिए सत्यनारायण तेली ने 'अवैध बजरी डालने' का झूठा व फर्जी आरोप लगाकर शिकायत दर्ज करवाई। जब सरपंच पुत्र मोहन जाट उक्त झूठी शिकायत के संबंध में उलाहना देने तेली के पास गए, तो तेली व उसके साथियों ने उनके साथ गाली-गलौच की तथा 'राजनीति में हमारी बहुत ऊंची पहुंच है, तुम्हें झूठे केस में फंसा देंगे' जैसी खुली धमकियां दीं।

इसके तुरंत बाद बजरी माफिया से जुड़े तेली समाज की आड़ लेकर सरपंच पुत्र मोहन जाट, उसके परिवार व गांव के अन्य निर्दोष युवाओं के खिलाफ थाने में झूठी रिपोर्ट दर्ज करवा दी है। इस बात से ग्रामीणो मे आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन के दौरान पूर्व उप सरपंच जाकिर मंसूरी, देवी लाल कुमावत,भवर लाल गाडरी, मिठू जाट, शिवा माली, महेंद्र चौधरी, सुरेश जाट, सदाम मंसूरी, देवा लाल कुमावत,नारायण जाट, रामबक्ष कुमावत, गोविन्द माली, कन्हैया माली, लादू गाडरी, कमल गोस्वामी, सहित अन्य जने उपस्थित थे।

# समाजसेवी टांक के जन्मदिन पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन




स्मार्ट हलचल

**पीपलूंद।** भीलवाड़ा जिले के जहाजपुर उपखंड क्षेत्र के पीपलूंद कस्बे के समाजसेवी सावन टांक ने भीषण गर्मी में रक्त संकट से जूझ रहे पीड़ित मानवता को देखते हुए। मानवता की सेवा में समर्पित होकर अपने 28 वें जन्म दिवस के उपलक्ष में 12 जून, शुक्रवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन पीपलूंद बस स्टैंड पर स्थित बालाजी मंदिर में किया गया। रक्तदान शिविर में कुल 51 यूनिट ब्लड संग्रहित किया गया। पीपलूंद ग्राम पंचायत के समस्त युवा मंडली व ग्रामवासियों के साथ महिलाओं ने भी रक्तदान किया।

शिविर की खास बात यह रही की अक्षिता टांक, संजिदा बानू, व कमलेश धोबी, देवा लखारा, ने पहली बार रक्तदान कर समाज को मानव सेवा का संदेश दिया। पीपलूंद कस्बे में पहली बार एक समाजसेवी के जन्मदिन पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन भीलवाड़ा का सहयोग रहा। इस दौरान सोनू पंचोली, श्रीराम ओझा, देवेंद्र प्रताप सिंह, रफीक मोहम्मद, महावीर तेली, हनुमान तेली, राजकुमार पंचोली, पवन टांक, रोहित टांक, रिंकू टांक, अशोक टांक, शुभम तिवाड़ी, हुसैन मोहम्मद, रमेश टांक, रफीक पवन खटीक, अमन खटीक, मुकेश तेली, सहित इत्यादि लोगों ने रक्तदान किया।

# विलोपित नर्सेज का वेतन अटका, एमजीएच में फूटा आक्रोश, नर्सिंग अधीक्षक और पीएमओ का घेराव

**कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी, 15 जून से दो घंटे कार्य बहिष्कार का ऐलान**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन, भीलवाड़ा के तत्वाधान में विलोपित नर्सेज के लंबित वेतन भुगतान को लेकर शुक्रवार को महात्मा गांधी अस्पताल में नर्सिंग कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज कर्मचारियों ने नर्सिंग अधीक्षक एवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) कार्यालय का घेराव कर प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों और पीएमओ के बीच वेतन भुगतान में हो रही देरी को लेकर तीखी बहस भी हुई। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नारायण लाल माली और मुख्य संरक्षक फरीद मोहम्मद रंगरेज के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज में विलोपित चल रहे 83 नर्सेज कर्मियों के पिछले 3 महीनों के बकाया वेतन का भुगतान न होने



से नाराज नर्सेज ने महात्मा गांधी अस्पताल में जमकर प्रदर्शन किया। शुक्रवार को भारी संख्या में एकत्रित हुए नर्सेज कर्मियों ने सबसे पहले महात्मा गांधी अस्पताल के नर्सिंग अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में अस्पताल परिसर में जमकर नारेबाजी की और प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। नर्सिंग अधीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन करने के बाद नर्सेज कर्मी एक रैली के रूप में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पहुंचे। वहां भी नर्सेज ने भारी नारेबाजी करते हुए पीएमओ डॉक्टर अरुण कुमार गौड़ का घेराव कर लिया। इस दौरान माहौल काफी गरमा गया और नर्सेज नेताओं तथा पीएमओ डॉ. अरुण कुमार गौड़ के बीच तीखी बहस भी हुई। नर्सेज नेताओं ने चेतावनी दी गई है कि यदि विलोपित 83 नर्सेज कर्मियों के पिछले 3 महीनों के बकाया वेतन का अविलंब भुगतान नहीं किया गया, तो आगामी 15 जून 2026 से मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी 2 घंटे का कार्य बहिष्कार करेंगे और धरना देंगे। तथा जब तक मांग पूरी नहीं होती, तब तक रोजाना पीएमओ ऑफिस के बाहर धरना दिया जाएगा। इस आंदोलन और कार्य बहिष्कार से अस्पताल में होने वाली किसी भी प्रकार की अव्यवस्था और मरीजों को होने वाली परेशानी की पूरी जिम्मेदारी अस्पताल प्रशासन की होगी। इस मौके पर सांवरमल सोनी, विनोद वर्मा, सोहन लाल बैरवा, गोविंद राम शर्मा, विमला व्यास, अन्नू कंवर राठौड़, मधु शर्मा, कमला पहाड़िया, आर्जुमन इरफाना, दिनेश पांडे, दीनबंधु, विश्वनाथ, मनोज कुमार धाकड़, विवेक टेलर, आशीष डीडवानिया मौजूद रहे।

# कारोई में ग्राम सेवा शिविर में नहीं दिखे अधिकारी लोगों




स्मार्ट हलचल

**गुरला।** कारोई ग्राम पंचायत मुख्यालय कारोई कलां पर उपखंड भीलवाड़ा का प्रथम उद्घाटन ग्राम सेवा शिविर का आयोजन हुआ जिसमें 22 विभागों की उपस्थिति में तीन विभाग कि अनुपस्थिति रही , कैंप प्रभारी विनोद कुमार गोखरू ने बताया कि इस शिविर में राजस्व व पंचायती राज विभाग से संबंधित कई कार्यो का निस्तारण किया गया।शिविर में नाम शुद्धिकरण के कई वर्षों पुराने मामले दुरुस्त कर निपटाये गए। राजस्व विभाग, बिजली विभाग, जलदाय विभाग व चिकित्सा विभाग की टेबलों पर कुछ समय भीड़ रही , शिविर में नहीं दिखी लोगों कि भीड़, कुछ विभाग के नहीं आने से शिविर में कुर्सियां करती रही इंतजार, शिविर में जुगल किशोर अतिरिक्त विकास अधिकारी, प्रशासक भगवती लाल टेलर, नायब तहसीलदार भैरूलाल सुथार,प्रधानाचार्य राम प्रताप सोमानी, ग्राम विकास अधिकारी मुकेश लौहार, पटवारी सुरेन्द्र सिंह व अन्य विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# महेश प्रो कबड्डी में भोपालगंज टीम रही विजेता, सुभाष नगर टीम उपविजेता

**महेश प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य समापन, रोमांचक मुकाबलों ने बांधा समां, खिलाड़ियों का हुआ सम्मान**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में आयोजित महेश प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य समापन उत्साह, खेल भावना और रोमांचक मुकाबलों के बीच सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिन दर्शकों की भारी उपस्थिति रही तथा खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। नगर मंत्री सुरेश चन्द्र बिड़ला व सहसंयोजक केजी राठी व अर्चित मून्द्रडा ने बताया की महेश प्रो कबड्डी में फाइनल मुकाबला सुभाष नगर एवं भोपालगंज की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने प्रारंभ से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। फाइनल मुकाबले में भोपालगंज विजय रही तथा उपविजेता सुभाष नगर टीम रही। मैच में कई बार बढ़त का अंतर बदलता रहा, जिससे अंत तक परिणाम को लेकर उत्सुकता बनी रही। दोनों टीमों ने जीत के लिए भरसक प्रयास किए और शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। मुकाबले के दौरान खिलाड़ियों के दमदार रेड और सटीक टैकल दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। इससे पुर्व तीसरे एवं चौथे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में आरकेआरसी एवं पुराना शहर की टीमों के बीच रोमांचक संघर्ष देखने को मिला। जिसमें आरकेआरसी विजय रही। खिलाड़ियों के जोश, अनुशासन



और खेल भावना ने प्रतियोगिता को यादगार बना दिया।


समापन समारोह में कैलाश कोठारी, दीनदयाल मालू रतन मंडोवरा, अशोक बाहेती, अनिल बांगड़, प्रदीप बल्दवा, रमेश राठी, सुशील मराटिया, महेन्द्र काकानी, कमल सोनी, संयोजक अतुल राठी, नगर अध्यक्ष केदार जागेटिया एवं केदार गगरानी, सुरेश कचोलिया, राधेश्याम सोमानी, राजेन्द्र कचोलिया, मुकेश जागेटिया, अंकित लखोटिया, अरूण बियानी सहित माहेश्वरी समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मिडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया की अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विजेता एवं उपविजेता टीमों सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। फाइनल मुकाबले में विजेता रही भोपालगंज को 21 हजार नगद, ट्रॉफी तथा उपविजेता सुभाष नगर टीम को 11 हजार नगद, ट्रॉफी तथा तृतीय स्थान पर रही आरकेआरसी टीम को 5100 रुपए नगद, ट्रॉफी दी गई। प्रतियोगिता में मुख्य प्रभारी सुधीर बाहेती सहित आयोजन समिति के सत्येन्द्र बिरला, राजेंद्र प्रसाद बिरला, विनय माहेश्वरी, परीक्षित नामधर, कुंज बिहारी चांडक, महेश जाजू, अनिल राठी, अरविंद राठी, विपिन असावा, नवल किशोर सोमानी, हर्ष राठी, मनीष अजमेरा, निलेश सोडाणी, अंशुल ईनाणी, रचित मालू, राजेश सोमानी, का विशेष सहयोग रहा। नगर सभा पदाधिकारियों ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी प्रायोजकों, निर्णायकों, स्वयंसेवकों एवं खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन समाज की एकता, खेल भावना और आपसी सौहार्द के संदेश के साथ हुआ।

# इटली में प्रदर्शित होगा उदयपुर के दिनेश कोठारी का फोटोग्राफ

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

सेवानिवृत्त आरएएस अधिकारी एवं प्रसिद्ध फोटोग्राफर दिनेश कोठारी की एक उत्कृष्ट फोटोग्राफी का चयन भारत एवं इटली की संयुक्त अंतरराष्ट्रीय फोटो प्रदर्शनी 'प्रोग्रेस फेस्टिवल' के लिए किया गया है। यह फोटोग्राफ जून के अंतिम सप्ताह में इटली के शहर जेनोआ में आयोजित होने वाली प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया जाएगा।

यह अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी भारत-इटली कला विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। आयोजन में फोटोग्राफी क्लब ऑफ इंडिया तथा इटली की संस्था प्रोग्रेसिव स्ट्रीट द्वारा आयोजित की जाएगी।




दिनेश कोठारी की फोटोग्राफी को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहले भी सराहना मिल चुकी है। इससे पूर्व उनके फोटोग्राफ लन्दन, आयरलैंड और सिंगापुर में भी प्रदर्शित किए जा चुके हैं।

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे केंद्र की योजनाओं का लाभ, लापरवाही बर्दाश्त नहीं: सांसद महिमा कुमारी मेवाड़

**ब्यावर में सांसद की अध्यक्षता में 'दिशा' समिति की बैठक आयोजित; मिलावटखोरों पर सख्त कार्रवाई, खराब सड़कों को जल्द सुधारने और जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश**

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। सांसद ने अधिकारियों को कड़े लहजे में निर्देशित किया कि विकास कार्यों और आमजन से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने कहा कि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता जनकल्याण और क्षेत्र का चहुंमुखी विकास है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्ति तक अनिवार्य रूप से पहुंचना चाहिए। इसके लिए सभी विभाग आपसी



समन्वय के साथ काम करें।

### मिलावटखोरी के खिलाफ अभियान और कानून व्यवस्था पर जोर

आमजन के स्वास्थ्य से जुड़े मामलों पर गंभीर रुख अपनाते हुए सांसद ने अधिकारियों को जिले में नकली घी, पनीर और खाद्य तेल बेचने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाकर कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने को कहा।

### सड़क, पानी और सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश

बैठक में बुनियादी सुविधाओं पर चर्चा करते हुए सांसद ने क्षतिग्रस्त सड़कों की तुरंत मरम्मत कराने, जल जीवन मिशन के लंबित कार्यों में तेजी लाने और पेयजल संकट का प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए। सफाई व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए उन्होंने संबंधित टेंडर और ठेकेदारों की जानकारी सार्वजनिक करने तथा अतिक्रमण के मामलों में बिना किसी भेदभाव के निष्पक्ष कार्रवाई करने की बात कही।

### किसान और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा

सांसद ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय स्तर पर बाजार उपलब्ध कराने और जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। वहीं, किसानों को सुरक्षा कवच देने के उद्देश्य से 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' का लाभ दिलाने के लिए पात्र किसानों का समय पर पंजीकरण सुनिश्चित करने को कहा।

### शिविरों का मिले अधिकतम लाभ

सांसद ने वर्तमान में चल रहे ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन के काम समय सीमा में पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैठकों में जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर अधिकारी तत्काल और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करें। बैठक के अंत में जिला कलक्टर कमल राम मीना ने सांसद और जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए निर्देशों को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत, मसूदा विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत, जिला कलक्टर कमल राम मीना, जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह, जिला परिषद अजमेर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामप्रकाश, अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. गोपाल लाल मीणा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सोमवती अमावस्या पर मिनी पुष्कर से शुरू होगी 'धाकड़ दर्शन यात्रा', समाज सुधार पर रहेगा जोर

स्मार्ट हलचल

**नगर फोर्ट।** अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा द्वारा समाज में जागरूकता और एकता के उद्देश्य से 'धाकड़ दर्शन यात्रा' का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 15 जून 2026, सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर शुरू होगी।10 जून को हुई बैठक में तैयारियों को दिया अंतिम रूप यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए 10 जून को मांडकला में महासभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष एवं उनियारा निवासी पूर्व तहसीलदार राधा किशन धाकड़ की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जिला अध्यक्षों और प्रमुख पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में धाकड़ दर्शन यात्रा की रूपरेखा तय करने के साथ-साथ सभी तैयारियों की गहन समीक्षा की गई।





### मिनी पुष्कर से होगा शुभारंभ

महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलसीराम धाकड़ (कोटा) के नेतृत्व में यह यात्रा मिनी पुष्कर, मांडकला स्थित भगवान श्री धरणीधर के राष्ट्रीय मंदिर से प्रारंभ होकर संपूर्ण भारत के धाकड़ समाज के गांव-ढाणियों तक पहुंचेगी।

पहले चरण में तीन जिले शामिल यात्रा का प्रथम चरण 15 जून से 22 जून 2026 तक चलेगा। इस दौरान टोंक, बूंदी और सवाई माधोपुर जिले के गांवों में कार्यक्रम आयोजित होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वयं गांवों में धाकड़ समाज के मंदिरों और प्रमुख स्थानों पर पहुंचकर लोगों से संवाद करेंगे। यात्रा के दौरान सामाजिक कुरीतियों और विकास के मुद्दों पर विशेष चर्चा होगी।सामाजिक सुधारःमृत्युभोज, बाल विवाह और खर्चीली शादियों पर रोक ज़ शिक्षाः बालिका शिक्षा व उच्चतर शिक्षा को बढ़ावा देना। युवा और परिवारः बच्चों को मोबाइल से दूर रखना, शादी में छावड़ा देखने और प्री-वेडिंग पर रोक ज़ पर्यावरणः सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक, खेतों में अधिक पेड़ लगाना, जैविक खेती को बढ़ावा ज़ समाज संगठनः सामूहिक विवाह सम्मेलन, समाज में एकता व संगठन को मजबूत करना, प्रतिभाओं का सम्मान ज़ ग्रामीण विकासः प्रत्येक परिवार को देशी गाय पालने के लिए प्रेरित करना ।महासभा ने सभी समाज बंधुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने गांव या आसपास के क्षेत्र में निकलने वाली यात्रा में शामिल हों।

# पट्टे व विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**सांगोद।** सांगोद कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा जिला देहात कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष असरार अहमद के नेतृत्व में अधिशासी अधिकारी मनोज मालव नगर पालिका सांगोद को मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम पट्टे उपलब्ध करवाने वह विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर ज्ञापन सौंपा जिला देहात कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष असरार अहमद,कांग्रेस नगर अध्यक्ष मनोज सुवालका,पूर्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष राजेंद्र गहलोत पूर्व सरपंच फूलचंद गोचर, अल्पसंख्यक देहात जिला उपाध्यक्ष सलीम अंसारी ने अधिशासी अधिकारी मनोज मालव को मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन देकर बताया कि सांगोद नगर पालिका में अभी हाल ही में कई पंचायतों के गांवों को नगर पालिका के वार्डों में शामिल किया गया है जिसमें कोटा रोड अमृत खेड़ी वह पामला खेडी गांव भी शामिल है जिसमें दर्शकों से कई परिवारजन निवास करते आ रहे हैं जो पूर्व में कुराडिया कुर्द पंचायत में शामिल थे लेकिन अभी हाल के परिसीमन में अमृत खेड़ी वह पामलाला खेड़ी गाँवो को नगर पालिका में शामिल कर लिए गए हैं राजस्थान सरकार द्वारा 12 जून से 15 जुलाई तक शहरी सेवा शिविर लगाए जाने के आदेश दिए गए हैं जिसमें शिविर के माध्यम से आम जन को राहत प्रदान करते हुए अमृत खेड़ी, पामला खेड़ी, चेरेलिया बस्ती, कौड़ियों का चौक, ऑडियो का चोक, ताखाजी मोहल्ला, किराड धर्मशाला के पीछे जिसमें कई परिवारजनों को अभी तक पट्टे उपलब्ध नहीं करवाए गए अमृतखेड़ी,पामला खेड़ी,चेरेलिया बस्ती, कौड़ियों का चोक,ऑडियो का चोक,ताखाजी मोहल्ला, किराड धर्मशाला के पीछे वह जितने भी गांवो को नगर पालिका के वार्डों में शामिल किए गए हैं उन सभी में बरसों से स्थायी निवास करने वाले परिवारजनों को पट्टे उपलब्ध करवाएं साथ ही जो आबादी क्षेत्र में नहीं है उन्हें भी आबादी क्षेत्र में लेकर उनके मकानों के पट्टे उपलब्ध करवाए जाएं इन मोहल्लों वह नगर पालिका में लिए गए उन सभी गांवो को जिन्हें नगर पालिका वार्ड बनाया गया है उनमें नगर पालिका द्वारा मिलने वाली सभी सुविधाएं बिजली,पानी,इंटरलॉकिंग,सीसी रोड,नालियां निर्माण व समय समय पर साफ सफाई की व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाए जिला देहात कांग्रेस कांग्रेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष असरार अहमद कांग्रेस नगर अध्यक्ष मनोज सुवालका ने कहा है कि नगर पालिका द्वारा सांगोद नगर के लोगों को परेशान किया जा रहा है करीब दो साल से लोगों ने नगर पालिका में मकान के पट्टे बनाने के लिए फाइल जमा करवा रखी है जब नगरवासी पट्टो के लिए नगर पालिका में जाते हैं तो उनसे कभी कहते हैं मुख्यमंत्री का फोटो चेंज होगा कभी कहते हैं सारा काम ऑनलाइन होगा तो फिर लोगों के हजारों रुपए खर्च करके जो फाइल बनाई उनको नगर पालिका में क्यों रोका हुआ है कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा है कि समय रहते यदि नगरवासियों को पट्टे उपलब्ध नहीं करवाए गए तो कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ा आंदोलन करेगा।

# लाइट का पोल हुआ क्षतिग्रस्त, शिकायत के बाद भी विभाग का नहीं ध्यान

स्मार्ट हलचल|लाखेरी

उपखंड क्षेत्र के स्टेशन-माखीदा रोड पर बस्ती के समीप लगा विद्युत पोल पिछले करीब एक माह से क्षतिग्रस्त खड़ा है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में चिंता का माहौल बना हुआ है। पोल के ऊपरी हिस्से से सीमेंट हटने के कारण पोल क्षतिग्रस्त हो गया, जिस कारण उसके कभी भी गिरने की आशंका बनी हुई है। सड़क से



गुजरने वाले राहगीरों, वाहन चालकों एवं आसपास रहने वाले लोगों के लिए यह पोल खतरे का कारण बन सकता है। ग्रामीण किसान रामस्वरूप मीणा ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में लिखित रूप से विद्युत विभाग के सहायक अभियंता, लाखेरी को अवगत करवाया था, लेकिन शिकायत के बाद भी अभी तक विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। समय बीतने के साथ पोल की स्थिति और अधिक कमजोर होती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात का मौसम शुरू होने वाला है और तेज हवा या बारिश के दौरान पोल गिरने से बड़ा हादसा हो सकता है। इसके अलावा विद्युत आपूर्ति भी बाधित होने की संभावना बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग से शीघ्र क्षतिग्रस्त पोल को हटाकर नया पोल लगाने की मांग की है, ताकि किसी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

# मानपुरा में मूर्ति स्थापना महोत्सव का शुभारंभ, निकली कलश यात्रा

**चारभुजा नाथ के बेवाण संग निकली भव्य कलश यात्रा, जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत**



स्मार्ट हलचल| काछोला

क्षेत्र के मानपुरा स्थित देवकुड़ा देवनारायण मंदिर में देवनारायण भगवान की मूर्ति स्थापना के पांच दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को धार्मिक विधि-विधान के साथ हुआ। क्षेत्र की आस्था के प्रमुख केंद्र इस मंदिर में आयोजित महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। शोभायात्रा में राजस्थानी वेशभूषा में दिखे भकत।

देवकुड़ा देवनारायण भगवान के भोपाजी देवकिशन सुथार एवं आयोजन समिति ने बताया कि यज्ञाचार्य पंडित नरेश जोशी के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गणपति स्थापना, जलयात्रा, भगवान के बेवाण तथा हवन-पूजन के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इसके बाद श्री चारभुजा नाथ के बेवाण के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाएं एवं बालिकाएं सिर पर कलश धारण कर भजन-कीर्तन करते हुए नगर के मुख्य मार्गों से होकर मंदिर पहुंचीं।

कलश यात्रा एवं भगवान के बेवाण का कस्बे में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मानपुरा सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजन के दौरान धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। महोत्सव के तहत विभिन्न धार्मिक आयोजन प्रतिदिन होंगे तथा 16 जून को मूर्ति स्थापना एवं पंचकुंडीय विष्णु महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का भी आयोजन किया जाएगा।

# वन्य जीव संरक्षण एवं सामाजिक सेवा के लिए 'समाज सेवा शिरोमणि' पुरस्कार से सम्मानित किए जाएंगे लोकेश तिवारी

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** राजस्थान के कोटा जिले के हनोतिया सिमलिया निवासी प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता वन्य जीव प्रेमी और प्रकृति संरक्षण वादी श्री लोकेश तिवारी को वन्य जीव



संरक्षण पर्यावरण जागरूकता एवं जन सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु 14 जून को HVPM ऑडिटोरियम हनुमान व्यायाम प्रसारक मंडल अंबा देवी मंदिर के पास अमरावती महाराष्ट्र में भव्य राष्ट्रीय प्रज्ञा अलंकरण समारोह में श्री लोकेश तिवारी को 'समाज सेवा शिरोमणि' पुरस्कार प्रदान किया जाएगा श्री तिवारी बाल्य काल से समाज सेवा करते आए हैं तालाब में डूबते बालक को बचाना कहीं घायलों को अस्पताल पहुंचाना निर्धन गरीबों का निशुल्क इलाज पर करना कोटा रेलवे स्टेशन पर लगी भीषण आग पर काबू पाना गुजरात में भूकंप में भुज कच्छ में सेवाएं देना कोरोना काल में गांव गांव ढाणी ढाणी जाकर आयुर्वेदिक काढ़ा पिलाना गरीबों का दाह संस्कार करना कहीं बुजुर्गों एवं जरूरतमंद परिवारों की सहायता जैसे अनेक अभियानों में वह निरंतर सक्रिय रहे हैं साहसिक एवं सामाजिक कार्य करके समाज में अपनी एक नई पहचान बनाना ग्रामीण और वन क्षेत्र में रहकर पर्यावरण संरक्षण दुर्लभ वन्यजीवों की सुरक्षा तथा संकटग्रस्त जिवो के बचाव अभियान एवं वन्य जीवों के प्रति उनके समर्पण तत्परता के कारण अनेक बार घायल पक्षियों एवं जानवरों को समय पर उपचार और सुरक्षित पुनर्वास मिल पाया पर्यावरण के क्षेत्र में भी इनका महत्वपूर्ण योगदान है।

विशेष उल्लेखनीय है कि श्री लोकेश तिवारी को इससे पूर्व रेड एंड व्हाइट वीरता पुरस्कार, राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार, सरकार द्वारा वन्य जीव संरक्षण एवं साहसिक एवं सामाजिक क्षेत्र में पुरस्कार, हाडोती गौरव पुरस्कार, समाज गौरव पुरस्कार, लायंस क्लब, विश्व हिंदू परिषद, अन्य कहीं संगठनों ने कहीं मंचों पर श्री लोकेश तिवारी को सम्मानित किया है श्री तिवारी के किए गए सराहनीय कार्यों को देखते हुए आयोजन समिति ज्ञान उदय फाउन्डेशन।

वर्ल्ड सेव्हन वंडर्स पब्लिकेशन,

रेडियंट टैलेंट बुक ऑफ़ रिकॉर्ड, के अनुसार इन्होंने सहासिक एवं सामाजिक श्रेत्र सामाजिक कल्याण गौ सेवा पशु संरक्षण वन्य जीव संरक्षण तथा तथा जनहित कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई है जिसके कारण इन्हें यह राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया जा रहा है। सीमित ने बताया कि 'समाज सेवा शिरोमणि' उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने अपने क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियां हासिल करते हुए समाज एवं राष्ट्र के प्रति दीर्घकालिक और उल्लेखनीय योगदान दिया हो और श्री लोकेश तिवारी के चयन पर क्षेत्र के सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने प्रसन्नता यक्त करते हुए इसे कोटा जिले के लिए गौरव का विषय बताया है। आयोजन से जुड़े अधिकारियों के अनुसार देश भर से चयनित व वरिष्ठ व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने सामाजिक सेवा शिक्षा स्वास्थ्य पर्यावरण संस्कृति एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले व्यक्ति शामिल होंगे।

लोकेश तिवारी का समाज सेवा शिरोमणि पुरस्कार में चयन होने पर प्रधान कृष्णा शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं सरपंच उच्चमा मीणा, पंचायत समिति सदस्य विजयलक्ष्मी तिवारी, घनश्याम यादव सरपंच भाडाहेड़ा, सिमलिया सरपंच जितेंद्र मेघवाल, भंवरा सरपंच अमृता कंवर, पंचायत समिति सदस्य पूर्व उपप्रधान रईस खान, रेलगांव सरपंच सुलोचना मेहरा, गिरिराज तिवारी, हरीश मीणा, जवाहरी लाल मीणा, आदी सामाजिक संगठन एवं जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने प्रसन्नता यक्त करते हुए इन्हें शुभकामना दी है।

## राजस्थान राज्य पात्रता परीक्षा की रूपरेखा घोषित, 14 जून से शुरू होंगे ऑनलाइन आवेदन

# परीक्षा संचालन में पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता पर रहेगा विशेष फोकस : कुलपति प्रो. बी. पी. सारस्वत

**कोटा विश्वविद्यालय ने संभाली कमान, SET-2026 के लिए आवेदन 14 जून से, परीक्षा सितंबर में, तीन साल बाद होगी SET-2026, कोटा विश्वविद्यालय ने जारी किया परीक्षा कैलेंडर**

स्मार्ट हलचल|कोटा

राजस्थान सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार इस वर्ष राजस्थान राज्य पात्रता परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी कोटा विश्वविद्यालय को सौंपी गई है। वर्ष 2023 के बाद तीन वर्ष के अंतराल पर आयोजित होने जा रही यह परीक्षा राज्य के राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर पद के लिए पात्रता निर्धारण का आधार बनेगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.पी. सारस्वत की अध्यक्षता में आयोजित केंद्रीय समिति की बैठक में परीक्षा के सफल संचालन, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था तथा परीक्षा प्रणाली की विस्तृत रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 14 जून से प्रारंभ होकर 15 जुलाई 2026 तक चलेगी। परीक्षा का संभावित आयोजन 6 सितम्बर 2026 को प्रस्तावित है। इस अवसर रजिस्ट्रार राजपाल सिंह, प्रो.एन एल हेडा,प्रो.ओ पी ऋषि,प्रो.भवानी सिंह,नोडल अधिकारी एचएस शक्तावत,भगवान कर्मचांदी मौजूद रहे।

कुलपति प्रो. बी.पी. सारस्वत ने कहा कि राजस्थान राज्य पात्रता परीक्षा का आयोजन कोटा विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण दायित्व है। विश्वविद्यालय परीक्षा की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों में योग्य एवं प्रतिभाशाली शिक्षकों का चयन शिक्षा व्यवस्था की मजबूती का आधार है और स्थ'-2026 इसी दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक प्रशासनिक, तकनीकी एवं सुरक्षा संबंधी तैयारियां की जा रही हैं, ताकि अभ्यर्थियों को एक विश्वसनीय एवं सुगम परीक्षा वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि परीक्षा के लिए अभ्यर्थी के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि होना आवश्यक है। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 55 प्रतिशत तथा ओबीसी (नॉन क्रीमीलेयर), अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग एवं थर्ड जेंडर वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 50 प्रतिशत अंक निर्धारित किए गए हैं। स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थी एवं परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे अभ्यर्थी भी प्रोविजनल आधार पर आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए कोई ऊपरी आयु सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

परीक्षा के लिए आवेदन पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से किए जाएंगे। अभ्यर्थी कोटा विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। आवेदन शुल्क सामान्य एवं ओबीसी क्रीमीलेयर वर्ग के लिए 1500 रुपये, ओबीसी नॉन क्रीमीलेयर एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)



के लिए 1200 रुपये तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग वर्ग के लिए 750 रुपये निर्धारित किया गया है।

सेट-2026 का आयोजन यूजीसी-नेट के नवीनतम मानकों के अनुरूप ऑफलाइन (ओएमआर आधारित) पद्धति से किया जाएगा। परीक्षा में दो प्रश्नपत्र होंगे, जिनमें कुल 150 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रथम प्रश्नपत्र में शिक्षण एवं शोध अभिक्षमता, तार्किक क्षमता तथा सामान्य बौद्धिक दक्षता से संबंधित 50 प्रश्न होंगे, जबकि द्वितीय प्रश्नपत्र में अभ्यर्थी द्वारा चयनित विषय से संबंधित 100 प्रश्न शामिल होंगे। दोनों प्रश्नपत्रों के लिए कुल 300 अंक निर्धारित किए गए हैं तथा परीक्षा अवधि तीन घंटे होगी। परीक्षा में किसी प्रकार का नकारात्मक अंकन नहीं किया जाएगा और प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो अंक प्रदान किए जाएंगे।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार इस बार परीक्षा 35 विषयों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्र राजस्थान के विभिन्न संभागीय मुख्यालयों पर स्थापित किए जाएंगे। परीक्षा की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, जैमर, उड़नदस्तों की तैनाती तथा ओएमआर शीट की त्रि-स्तरीय सुरक्षा कोडिंग व्यवस्था लागू की जाएगी।

चयन प्रक्रिया यूजीसी के निर्धारित मानकों के अनुसार होगी, जिसके तहत परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों में से श्रेणीवार शीर्ष छह प्रतिशत अभ्यर्थियों को सहायक प्रोफेसर पात्रता प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए केवल विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट का ही अवलोकन करें तथा किसी भी भ्रामक सूचना पर विश्वास न करें।

प्रोफेसर पात्रता प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए केवल विश्वविद्यालय की आधिकारिक आधिकारिक वेबसाइट का ही अवलोकन करें तथा किसी भी भ्रामक सूचना पर विश्वास न करें।

राज्य पात्रता परीक्षा 2026 की तैयारियों के मध्य नजर ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरवाने और डेटा मैनेजमेंट का पूरा काम सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग /राजकंप इंफो सर्विसेज लिमिटेड द्वारा संभाला जा रहा है।

उम्मीदवारों की सहूलियत और तकनीकी गड़बड़ियों से बचने के लिए राजस्थान सरकार के आधिकारिक 'रिक्रूटमेंट पोर्टल' का उपयोग किया जाएगा। अभ्यर्थी अपनी स्स्ह ढ्ढष्ठ के माध्यम से सीधे इस पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। अभ्यर्थियों को अलग से किसी अन्य निजी वेबसाइट पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। सिंगल साइन-ऑन के माध्यम से 'रिक्रूटमेंट पोर्टल' पर फॉर्म लाइव किए जाएंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने OTR को पहले से ही अपडेट रखें ताकि फॉर्म भरते समय कोई परेशानी न हो।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए केवल विश्वविद्यालय की आधिकारिक आधिकारिक वेबसाइट का ही अवलोकन करें तथा किसी भी भ्रामक सूचना पर विश्वास न करें।

राज्य पात्रता परीक्षा 2026 की तैयारियों के मध्य नजर ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरवाने और डेटा मैनेजमेंट का पूरा काम सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग /राजकंप इंफो सर्विसेज लिमिटेड द्वारा संभाला जा रहा है।

उम्मीदवारों की सहूलियत और तकनीकी गड़बड़ियों से बचने के लिए राजस्थान सरकार के आधिकारिक 'रिक्रूटमेंट पोर्टल' का उपयोग किया जाएगा। अभ्यर्थी अपनी एएसओ आइडी के माध्यम से सीधे इस पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। अभ्यर्थियों को अलग से किसी अन्य निजी वेबसाइट पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। सिंगल साइन-ऑन के माध्यम से 'रिक्रूटमेंट पोर्टल' पर फॉर्म लाइव किए जाएंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ओटीआर को पहले से ही अपडेट रखें ताकि फॉर्म भरते समय कोई परेशानी न हो।

# मण्डावर के इतिहास में जुड़ा स्वर्णिम अध्याय : बेटी चौक पर लहराया 100 फीट ऊंचाई पर राष्ट्र गौरव का प्रतीक तिरंगा

## महवा विधायक राजेन्द्र मीणा ने किया लोकार्पण, हजारों नागरिकों ने राष्ट्रध्वज को किया नमन

## नगर सौंदर्यीकरण, राष्ट्रभक्ति और नागरिक चेतना का बना नया केंद्र, युवाओं को देगा देशसेवा की प्रेरणा

स्मार्ट हलचल

**मण्डावर।** महवा विधानसभा क्षेत्र के मण्डावर नगर ने शुक्रवार को एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण का साक्षात्कार किया, जब नगरपालिका क्षेत्र के प्रमुख स्थल बेटी चौक सर्किल पर स्थापित भव्य राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का लोकार्पण महवा विधायक राजेन्द्र मीणा द्वारा किया गया। समारोह में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक, युवा, महिलाएं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, वरिष्ठजन एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम राष्ट्रभक्ति, उत्साह और जनसहभागिता का अनुपम उदाहरण बन गया।

भव्य तिरंगे के लोकार्पण के साथ ही पूरा क्षेत्र भारत माता के जयघोष, वंदे मातरम् और राष्ट्रभक्ति के नारों से गूंज उठा। उपस्थित नागरिकों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। कार्यक्रम स्थल पर देशभक्ति का ऐसा वातावरण बना कि हर नागरिक स्वयं को राष्ट्र गौरव के इस ऐतिहासिक पल का सहभागी महसूस कर रहा था।

सभा को संबोधित करते हुए विधायक राजेन्द्र मीणा ने कहा कि तिरंगा भारत की आत्मा है। यह केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि करोड़ों देशवासियों की भावनाओं, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्ष, वीर शहीदों के बलिदान और राष्ट्र की अस्मिता का जीवंत प्रतीक है। देश की आन, बान और शान तिरंगा हमें सदैव यह स्मरण कराता है कि हमारा पहला धर्म राष्ट्रहित और राष्ट्रसेवा है।

उन्होंने कहा कि आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों के सपनों का भारत बनाने की जिम्मेदारी आज हम सभी नागरिकों की है। राष्ट्रीय ध्वज हमें अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक करता है और देशहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है। जब तिरंगा आसमान में लहराता है तो प्रत्येक भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा हो जाता है।



विधायक ने कहा कि मण्डावर नगर तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ सांस्कृतिक, सामाजिक और राष्ट्रीय मूल्यों को भी सशक्त किया जा रहा है। बेटी चौक पर स्थापित यह भव्य तिरंगा केवल नगर की सुंदरता नहीं बढ़ाएगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगा। यहां आने वाला प्रत्येक व्यक्ति राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना से प्रेरित होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में राष्ट्रवाद और विकास की नई धारा प्रवाहित हुई है। देश के राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान बढ़ा है और युवा वर्ग राष्ट्र निर्माण में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रहा है। इसी सोच के अनुरूप मण्डावर में यह भव्य तिरंगा स्थापित किया गया है ताकि युवाओं को देश के प्रति समर्पण और सेवा का संदेश मिल सके।

विधायक राजेन्द्र मीणा ने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवा शक्ति के हाथों में है और यदि युवा अनुशासन, समर्पण एवं राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए आगे बढ़ेंगे तो भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में और अधिक तेजी से अग्रसर होगा।

कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना समाज को एक सकारात्मक दिशा प्रदान करती है। इससे नागरिकों में राष्ट्रीय चेतना जागृत होती है तथा युवाओं में देश के प्रति सम्मान और समर्पण की भावना मजबूत होती है।

नगरवासियों ने भी विधायक राजेन्द्र मीणा के इस प्रयास को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि बेटी चौक पर स्थापित यह विशाल तिरंगा भविष्य में मण्डावर की पहचान बनेगा। यह स्थान न केवल नगर के सौंदर्यीकरण का केंद्र होगा, बल्कि राष्ट्रभक्ति और सामाजिक एकता का प्रतीक भी बनेगा।

लोकार्पण समारोह के अंत में विधायक राजेन्द्र मीणा ने उपस्थित सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों, वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ता साथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और क्षेत्र के विकास के लिए वे निरंतर कार्य करते रहेंगे।

भव्य तिरंगे के लोकार्पण के साथ बेटी चौक अब केवल एक चौराहा नहीं रहा, बल्कि राष्ट्र गौरव, नागरिक चेतना, राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का नया तीर्थ बन गया है। आने वाले वर्षों में यह तिरंगा मण्डावर की पहचान बनकर हर नागरिक को राष्ट्रप्रेम और देशसेवा की प्रेरणा देता रहेगा।

# मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त करने के खिलाफ जंतर-मंतर पर कांग्रेस का बड़ा सत्याग्रह

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर/नई दिल्ली।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद पद की उम्मीदवार और राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र निरस्त किए जाने के विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर पर विशाल सत्याग्रह आंदोलन किया गया। संगठन ने इसे असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक कदम बताते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस आंदोलन में ब्यावर सहित देशभर से बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

सत्याग्रह को संबोधित करते हुए राजस्थान पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सी.बी. यादव ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। मीनाक्षी नटराजन जैसे अनुभवी और समर्पित नेतृत्व के नामांकन को खारिज करना लोकतंत्र पर सीधा प्रहार है।

### चुनावी प्रक्रिया में भेदभाव का आरोप

संगठन के प्रदेश सचिव शैलेश शर्मा ने आरोप लगाया कि चुनाव प्रशासन ने भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवारों के नामांकन की जांच में अलग-अलग मापदंड अपनाए हैं। कांग्रेस प्रत्याशी के साथ पक्षपातपूर्ण व्यवहार किया गया है, जिससे चुनावी पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

### ब्यावर से दिल्ली पहुंचे दर्जनों कार्यकर्ता

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष राम यादव के नेतृत्व में ब्यावर से कार्यकर्ताओं का एक बड़ा दल दिल्ली पहुंचा। राम यादव ने कहा कि अन्याय के खिलाफ देश का हर कार्यकर्ता एकजुट है। सत्याग्रह में ब्यावर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्म सिंह भाटी, एससी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बिरदीचंद खोरवाल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अशोक रांका सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

आंदोलन के समापन पर सभी कार्यकर्ताओं ने संविधान की रक्षा, लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय के मूल्यों को बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया।

# एसपी रतन सिंह को मिलेगा पुलिस विभाग का सर्वोच्च 'डीजीपी डिस्क' सम्मान, सिटीजन कौंसिल ने किया भव्य अभिनंदन

## नशा मुक्ति अभियान और बेहतर कानून व्यवस्था के लिए मिला सम्मान; कौंसिल ने साफा और शॉल ओढ़ाकर जताया आभार

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) रतन सिंह को पुलिस विभाग के सर्वोच्च सम्मान 'डी.जी.पी. डिस्क' के लिए चुने जाने पर आज ब्यावर में हर्ष का माहौल रहा। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर 'सिटीजन कौंसिल' के पदाधिकारियों ने जिला पुलिस मुख्यालय पहुंचकर एसपी रतन सिंह का भव्य नागरिक अभिनंदन किया। कौंसिल ने इस सम्मान को न केवल एसपी रतन सिंह की व्यक्तिगत उपलब्धि, बल्कि पूरे ब्यावर जिले के लिए एक बड़ा गौरव बताया।

### माला, साफा और सम्मान पत्र से नवाजा

सिटीजन कौंसिल के महासचिव विमल चौहान ने बताया कि संस्था के अध्यक्ष डॉ. एम.एम. गोयल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस मुख्यालय पहुंचा। वहां सचिव उत्तम भण्डारी, संगठन मंत्री चेतन सांखला व अन्य सदस्यों ने एसपी रतन सिंह को माला पहनाई, साफा बांधा और शॉल ओढ़ाकर सम्मान पत्र भेंट किया।



### 'नशा मुक्ति' और 'जन-विश्वास' पर टिकी सफलता

कौंसिल द्वारा सौंपे गए सम्मान पत्र में एसपी रतन सिंह के कार्यकाल की जमकर सराहना की गई। पत्र में मुख्य रूप से उल्लेख किया गया किः नशा मुक्ति अभियानः जिले में चलाए गए विशेष नशा मुक्ति अभियान से हजारों परिवारों को राहत मिली है। सुदृढ़ कानून व्यवस्थाः अपराधियों में खौफ और आमजन में सुरक्षा का भाव पैदा करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। बढ़ा जन-विश्वासः उत्कृष्ट सेवाओं के चलते ही आम जनता का पुलिस प्रशासन पर भरोसा और मजबूत हुआ है, जो इस सर्वोच्च सम्मान का मुख्य आधार बना।

### शहर की समस्याओं पर भी सौंपा सुझाव पत्र

सम्मान समारोह के दौरान कौंसिल के सदस्यों ने शहर के विकास और सुरक्षा से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी एसपी के समक्ष रखे। सदस्यों ने ब्यावर शहर की प्रमुख समस्याओं जैसेः यातायात व्यवस्था, शहर के मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति में सुधार। चोरियों पर अंकुशः हाल के दिनों में बढ़ती चोरियों की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम। स्ट्रीट वेंडर्स की समस्याः ठेले और सब्जी विक्रेताओं के व्यवस्थित पुनर्वास और उनकी समस्याओं का समाधान।

### साहित्यिक भेंट के साथ आभारः

इस विशेष मौके पर महासचिव विमल चौहान ने अपनी लिखित पुस्तक 'कन्यादान' भी पुलिस अधीक्षक को सप्रेम भेंट की। सम्मान से अभिभूत जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह ने सिटीजन कौंसिल के सभी सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी जिले की सुरक्षा और शांति के लिए पूरी निष्ठा से काम करने का संकल्प दोहराया।

# मसूदा विधायक और जिला कलक्टर पहुंचे अन्धेरी देवरी; शिविर में मौके पर ही समस्याओं के निस्तारण के निर्देश

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन स्थापित करने के उद्देश्य से संचालित 'ग्रामीण सेवा शिविर अभियान' का शुक्रवार को मसूदा उपखण्ड की ग्राम पंचायत अन्धेरी देवरी में भव्य शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि मसूदा विधायक श्री वीरेन्द्र सिंह कानावत तथा जिला कलक्टर श्री कमल राम मीना ने किया। इस दौरान दोनों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए काउंटरों का सघन निरीक्षण किया और ग्रामीणों से सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याएं व सुझाव सुने।

### समय और संसाधन की हो रही बचतः विधायक कानावत

शिविर को संबोधित करते हुए मसूदा विधायक श्री वीरेन्द्र सिंह कानावत ने कहा कि राज्य सरकार का यह अभियान ग्रामीण अंचलों में सुशासन की अवधारणा को धरातल पर साकार कर रहा है। उन्होंने कहा, 'इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों के समय और धन दोनों की बचत हो रही है। अब लोगों को छोटे-छोटे सरकारी कामों और विभागीय प्रक्रियाओं के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे हैं।' विधायक ने ग्रामीणों से अपील की कि वे सजग रहकर इन शिविरों में आएं और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।



### हर शिकायत का तय समय में हो गुणवत्तापूर्ण समाधानः जिला कलक्टर

जिला कलक्टर कमल राम मीना ने अधिकारियों को दो टूक निर्देश देते हुए कहा कि सेवा शिविर प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी जरिया हैं। हमारा मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को आवश्यक सरकारी सेवाएं, योजनाओं की जानकारी और विभिन्न लंबित मामलों का निस्तारण एक ही छत के नीचे (सिंगल विंडो) उपलब्ध कराना है।

कलक्टर ने अधिकारियों को हिदायत दी किः शिविर में आने वाले प्रत्येक नागरिक के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए। हर एक जन-सुनवाई (परिवेदना) का गंभीरता से परीक्षण किया जाए। सभी समस्याओं का निर्धारित समयावधि के भीतर गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित हो। उन्होंने आगे कहा कि समाज के अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्ति तक सरकारी सेवाओं को पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिविर के दौरान राजस्व संबंधी प्रकरणों के निस्तारण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, नए पंजीकरण और विभिन्न प्रमाण-पत्र जारी करने जैसे कार्य मौके पर ही किए जा रहे हैं।

### प्रशासनिक अमला रहा मौजूद

इस अवसर पर विधायक और जिला कलक्टर ने विभिन्न विभागीय स्टॉलों पर जाकर लाभार्थियों से बातचीत की और योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का फीडबैक लिया। शिविर के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. गोपाल लाल मीणा सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी, कर्मचारी और भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# अवैध बजरी परिवहन करते 5 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, चालक गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़।** जिले की पारसोली थाना पुलिस ने 25 टन अवैध बजरी का परिवहन करते हुए 5 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर उनके चालकों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि एएसपी भगवत सिंह हिंगड़ के निर्देशन व डीएसपी अंजली सिंह के सुपरविजन में पारसोली क्षेत्र में शुक्रवार को सुखपुरा से देवलच्छ की तरफ आने वाले रास्ते पर बजरी से भरे पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली डिटेन किए गए। पुलिस ने मौके से ट्रैक्टर के चालक प्रेमचन्द पिता मांगीलाल ओड निवासी चांदगढ़ थाना बडलियास जिला भीलवाड़ा, महेन्द्र (27) पिता श्यामलाल रेगर निवासी आकोला थाना बड़लियास, सांवरमल (26) पिता शंकरलाल बैरवा निवासी चांदगढ़, शम्भू (25) पिता रामकरण कालबेलीया निवासी बड़ी कुण्डीया थाना रायला जिला भीलवाड़ा और दिनेश पिता जगदीश जाट निवासी चांदगढ़ को माइनिंग की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है।

# तीन साल से फरार स्थाई वारण्टी परमानन्द गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल|लाखेरी

लाखेरी पुलिस ने शुक्रवार को गुढ़ा गांव से तीन साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी अवनीश कुमार शर्मा ने बताया महानिरीक्षक पुलिस कोटा रेंज कोटा के निर्देशानुसार अनुसंधानाधीन प्रकरणों में वांछित अपराधियों /स्थायी वारंटियों /उद्घोषित अपराधियों/धारा 335 बीएनएसएस में वांछित/ 173(8) दंप्रसं में वांछित /ईनामी अपराधियों/ में गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे जिला स्तरीय विशेष अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय सिंह चम्पावत के निर्देशन में वृताधिकारी लाखेरी नरेन्द्र कुमार नागर आरपीएस के सुपरविजन में थानाधिकारी थाना लाखेरी सुभाषचन्द्र उ.नि. के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया, जिसमें तीन साल से फरार स्थायी वारन्टी परमानन्द को ग्राम गुढा गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी द्वारा वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अधिक से अधिक कार्यवाही करने के निर्देशो की पालना मे थाना लाखेरी में टीम का गठन किया गया पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए तकनीकी साक्ष्यो व स्थानीय मुखबिरी की सूचना पर विशेष प्रयास करते हुये न्यायालय जिला एवं सेशन न्यायालय जिला बून्दी में लम्बित प्रकरण नं. 204/2023, 198/2023 व 199/2023 परमानन्द बनाम मुरली मनोहर मे 03 साल से फरार वांछित स्थाई गिरफ्तारी वारन्टी परमानन्द की तलाश की गई । स्थाई वारन्टी परमानन्द अपना मूल पता बदल बदल कर रह रहा था जो लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था। जिसे पुलिस टीम ने आज ग्राम गुढा से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । स्थायी गिरफ्तारी वारंटी परमानन्द पुत्र शंकर लाल मेहरा उम्र 63 साल निवासी रेलवे स्टेशन लाखेरी थाना लाखेरी जिला बून्दी हाल अडीला थाना काप्रेन जिला बून्दी का निवासी है। इस दौरान पुलिस टीम में थानाधिकारी सुभाषचन्द्र, हैड कांस्टेबल भोजराज, कांस्टेबल राकेश शामिल रहे।

# शोध फैलोशिप हेतु आवेदन आमंत्रित

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा शोध फैलोशिप छात्रवृत्ति हेतु टीएसपी क्षेत्र एवं बारां जिले के शाहबाद एवं किशनगंज तहसील के निवासी जनजाति पी.एच.डी. शोधकर्ताओं से आवेदन आमंत्रित किए गए है। निदेशक ओपी जैन (आर.ए.एस.) ने बताया कि आवेदक की आयु 21 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए एवं आवेदक या उसके माता-पिता में से कोई भी आयकर दाता नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि नेट/स्लेट अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदक 30 जून 2026 सायं 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। श्री जैन ने बताया कि चयनित शोधार्थी को 37 हजार रुपये मासिक फैलोशिप तथा 3 हजार 330 रुपये मकान किराया देय होगा साथ ही शोध अवधि हेतु 40 हजार रुपये आकस्मिक निधि के रूप में भुगतान किए जाएंगे। इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, अथवा टीआरआई की वेबसाईट पर देखे जा सकते हैं।

# नांगल सुमेरसिंह में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ, उमड़ा जनसैलाब

## खेलों से युवाओं में विकसित होती है अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण की भावना

स्मार्ट हलचल

**महुवा।** ग्राम नांगल सुमेरसिंह में आयोजित भव्य टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को उत्साह, उमंग और खेल भावना के बीच किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, युवा खिलाड़ी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। खेल मैदान पर दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरा वातावरण खेलमय और उत्सवमय दिखाई दिया।

प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर आमजन एवं कार्यकर्ता बंधुओं के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। ग्रामवासियों, युवा साथियों एवं आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत-सत्कार किया गया। स्वागत समारोह में ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बन रहा था। विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं युवाओं ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया।



इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा गया कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की एक सशक्त पाठशाला हैं। खेल युवाओं को अनुशासन, संघर्ष, धैर्य, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और सकारात्मक सोच का पाठ पढ़ाते हैं। खेल मैदान में सीखे गए संस्कार जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होते हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है और यदि युवाओं को खेल, शिक्षा एवं संस्कारों से जोड़ा जाए तो वे राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें उचित मंच उपलब्ध कराने की है। ऐसी प्रतियोगिताएँ युवाओं की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें नशे एवं अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रखने का भी कार्य करती हैं।

उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ मैदान में उतरने का आह्वान करते हुए कहा कि जीत और हार खेल का अभिन्न हिस्सा है, लेकिन ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण के साथ खेलना ही सच्चे खिलाड़ी की पहचान होती है। खेलों में भाग लेने से आत्मविश्वास बढ़ता है तथा व्यक्ति में कठिन परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता विकसित होती है।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाली विभिन्न टीमों ने मैदान पर जोश और उत्साह का परिचय दिया। उद्घाटन मैच के दौरान दर्शकों ने खिलाड़ियों का तालियों और जयघोष के साथ उत्साहवर्धन किया। युवाओं में क्रिकेट के प्रति विशेष आकर्षण देखने को मिला तथा पूरे क्षेत्र में प्रतियोगिता को लेकर उत्साह का माहौल बना रहा।

ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे आयोजन गांवों में सामाजिक समरसता, भाईचारे और आपसी सौहार्द को मजबूत करने का कार्य करते हैं। खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से विभिन्न गांवों के युवाओं को एक-दूसरे के साथ जुड़ने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। इससे क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलता है और नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है।

आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा गया कि सीमित संसाधनों के बावजूद युवाओं के लिए इतना बड़ा आयोजन करना सराहनीय प्रयास है। समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतियोगिता में क्षेत्र की अनेक टीमें भाग ले रही हैं तथा आगामी दिनों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए आयोजक मंडल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं। साथ ही सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया गया कि यह प्रतियोगिता क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को नई पहचान दिलाने के साथ-साथ ग्रामीण खेल संस्कृति को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेगी।

'खेलो, आगे बढ़ो और अपने गांव, क्षेत्र तथा देश का नाम रोशन करो' के संदेश के साथ प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ।

# फतेहगढ़-ब्यावर हाईटेंशन लाइन तार चोरी का मुख्य आरोपी 'फौजी' साथी सहित गिरफ्तार, 350 किलो तार बरामद

## देश की महत्वपूर्ण परियोजना में सेंध लगाने वाले दो और शातिर चोर गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर/जैतारण।** भारत सरकार की महत्वपूर्ण परियोजना 'फतेहगढ़ से ब्यावर हाईटेंशन लाइन' के निर्माणाधीन तारों को चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए जैतारण थाना पुलिस ने मुख्य अभियुक्त और उसके एक साथी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया करीब 3 क्विंटल 50 किलोग्राम (350 किलो) तार भी बरामद कर लिया है। मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है।

### अभियान के तहत मिली सफलता

जिला पुलिस अधीक्षक रतनसिंह के निर्देशानुसार जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया और वृताधिकारी (जैतारण) सतेन्द्र सिंह नेगी के सुपरविजन में जैतारण थानाधिकारी धोलाराम के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था।

थानाधिकारी धोलाराम ने बताया कि निर्माणाधीन हाईटेंशन लाइन के तार चोरी होने के संबंध में थाने में प्रकरण संख्या 64/2026 और 112/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामले दर्ज थे। पुलिस ने तकनीकी सहायता और मुखबिरों की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सुरेश उर्फ फौजी (21) और उसके साथी गणेशराम उर्फ गोलू (20) को गिरफ्तार कर लिया। ये दोनों आरोपी बिची, थाना माधोराजपुरा (जिला जयपुर ग्रामीण) के रहने वाले हैं। इस मामले में पुलिस पूर्व में दो आरोपियों राजेश और नानूराम को पहले ही जेल भेज चुकी है।

पुलिस पड़ताल में सामने आया है कि मुख्य आरोपी सुरेश उर्फ फौजी बेहद शातिर और आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ वर्ष 2024 में भी जयपुर ग्रामीण के माधोराजपुरा और सामोद थानों में तार चोरी, विद्युत अधिनियम और नकबजनी के 5 गंभीर मामले दर्ज हैं, जिनमें पुलिस चार्जशीट भी दाखिल कर चुकी है।

इस टीम की रही मुख्य भूमिका

इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम देने में जैतारण थाने के उपनिरीक्षक रामकिशन, सहायक उपनिरीक्षक पुसाराम, कांस्टेबल राजेश (नंबर 418), कांस्टेबल मनोहर (नंबर 764) की मुख्य भूमिका रही। टीम में कांस्टेबल दुर्गाराम और सुरेन्द्र भी शामिल थे। पुलिस अब पकड़े गए आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ कर रही है, जिससे क्षेत्र में हुई अन्य चोरियों का भी खुलासा होने की उम्मीद है।

# खाने-पीने की इन चीजों का सेवन करने से बचें

## कम हो जाएगा लिवर से जुड़ी बीमारियों का खतरा



अगर आप अपने लिवर की सेहत को मजबूत बनाए रखना चाहते हैं, तो आपको अपने खान-पान पर खास ध्यान देने की जरूरत है। अनहेल्दी खान-पान की वजह से आपका लिवर बुरी तरह से डैमेज हो सकता है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि लिवर खून को साफ करने का काम करता है और अगर आपका लिवर हेल्दी नहीं रहेगा तो आपको सेहत से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

### फ्राइड फूड्स से परहेज करने की कोशिश करें

जो लोग अक्सर फ्राइड फूड्स खाते हैं, उन्हें लिवर से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। तला-भुना खाना लिवर में सूजन पैदा कर सकता है। लिवर से जुड़ी बीमारियों से बचने के लिए फ्राइड फूड्स से परहेज करने में ही समझदारी है।

### शुगरी ड्रिंक्स पीने से बचना चाहिए

क्या आप अक्सर शुगरी ड्रिंक्स पीते हैं? अगर हां, तो आपकी इस आदत की वजह से लिवर से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। फैटी लिवर समेत दूसरी लिवर से जुड़ी समस्याओं से बचने के लिए शुगरी ड्रिंक्स को अपने डाइट प्लान में शामिल न करें।

### नुकसान पहुंचा सकता है प्रोसेस्ड मीट

अगर आप भी अक्सर प्रोसेस्ड मीट का सेवन करते हैं, तो आपको सावधान हो जाना चाहिए। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक प्रोसेस्ड मीट आपके लिवर की सेहत को बुरी तरह से प्रभावित कर सकता है। यही वजह है कि आपको लिमिट में रहकर ही प्रोसेस्ड मीट को कंज्यूम करना चाहिए।

### घातक साबित हो सकती है शराब पीने की आदत

अगर आप शराब पीते हैं, तो न केवल आपका लिवर बल्कि आपकी ओवरऑल हेल्थ बुरी तरह से डैमेज हो सकती है। सेहत से जुड़ी गंभीर और जानलेवा बीमारियों के खतरे को कम करने के लिए आपको शराब पीना छोड़ देना चाहिए।

# दूध के साथ करें इन चीजों का सेवन

## दूर हो जाएगी विटामिन बी12 की कमी

विटामिन बी12 की कमी आपकी सेहत पर बुरा असर डाल सकती है। इसलिए आपको इस जरूरी पोषक तत्व की कमी को जल्द से जल्द दूर करने की कोशिश करनी चाहिए। इसके लिए आप अपने डाइट प्लान में थोड़े बहुत बदलाव कर सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि दूध के साथ कुछ चीजों को कंज्यूम करके आपको विटामिन बी12 की कमी से छुटकारा मिल सकता है।

खा सकते हैं खजूर – विटामिन बी12 की कमी को दूर करने के लिए खजूर का सेवन किया जा सकता है। रात में सोने से पहले दो से चार खजूर को गुनगुने दूध के साथ कंज्यूम करने से जल्द ही विटामिन बी12 की कमी दूर हो सकती है। इसके अलावा इस तरह से खजूर का सेवन करके आप अपनी स्लीप क्वॉलिटी को भी काफी हद तक सुधार सकते हैं।

दूध के साथ पनीर खाएं – पनीर में विटामिन बी12 की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। सोने से पहले गुनगुने दूध के साथ थोड़ा सा पनीर खाएं और विटामिन बी12 की कमी से छुटकारा पाएं। अगर आप अंडा खा लेते हैं, तो दूध के साथ बॉइल्ड एग को भी कंज्यूम कर सकते हैं। दूध के साथ पनीर या फिर अंडे का सेवन करके आप अपनी ओवरऑल हेल्थ को भी काफी हद तक सुधार सकते हैं।

फायदेमंद साबित होगा मेथी दाना 9



# अमरूद के पत्तों में छिपा है सेहत का खजाना

## जानें इससे मिलते हैं कौन से फायदे और सेवन का सही तरीका

**अमरूद का सेवन सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं अमरुद के पत्तों भी आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर होते हैं। अमरुद के पत्तों में एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनिरल्स होते हैं जो समग्र स्वास्थ्य का समर्थन कर सकते हैं। ऐसे में चलिए जानते हैं अमरुद का सेवन करने से सेहत को कौन से फायदे होते हैं और इसका इस्तेमाल कैसे करें?**

### अमरुद के पत्तों से मिलते हैं ये फायदे:

पाचन होता है बेहतर: अमरूद के पत्ते एसिडिटी को कम करके और पोषक तत्वों के बेहतर अवशोषण को बढ़ावा देकर दस्त और सूजन जैसी पाचन समस्याओं में मदद कर सकते हैं।

रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है मजबूत: अमरूद के पत्तों में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट के उच्च स्तर प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने और संक्रमण से बचाने में मदद कर सकते हैं।

स्किन से जुड़ी परेशानियां होती हैं दूर: अमरूद के पत्तों का उपयोग उनके विरोधी भड़काऊ और एंटीऑक्सीडेंट गुणों के कारण मुँहासे, काले धब्बे और उम्र बढ़ने के संकेतों सहित विभिन्न त्वचा संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए किया जा सकता है।

दांतों के लिए फायदेमंद: अमरूद के पत्तों को चबाने से दांत दर्द और मसूड़ों की समस्याओं को कम करने में मदद मिल सकती है। इसमें मौजूद जीवाणुरोधी गुण मसूड़ों की बीमारी, दांत दर्द और सांसों की बदबू को रोकने में मदद करते हैं।

हृदय स्वास्थ्य के लिए लाभकारी: अमरूद के पत्ते खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करके और संभावित रूप से रक्तचाप विनियमन का समर्थन करके हृदय स्वास्थ्य में योगदान दे सकते हैं।

रक्त शर्करा नियंत्रण: अमरूद के पत्ते रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं, संभावित रूप से मधुमेह वाले व्यक्तियों या जोखिम वाले लोगों को लाभ पहुंचा सकते हैं।

पीरियड्स के दर्द में फायदेमंद: अमरूद के पत्ते मासिक धर्म में ऐंठन के लिए भी लाभ प्रदान कर सकते हैं, संभावित रूप से दर्द की तीव्रता को कम करने के साथ-साथ वजन घटाने में भी सहायता कर सकते हैं।

### कैसे करें अमरुद के पत्तों का इस्तेमाल?

ताजे या सूखे अमरूद के पत्तों को 5-10 मिनट तक पानी में उबालें फिर उसे छानकर पिएं। आप स्वाद के लिए शहद या नींबू मिला सकते हैं। अमरूद के पत्तों को पानी में उबालकर ठंडा होने दें। शैम्पू करने के बाद ठंडे पानी से बालों को धोएँ, इससे बाल मज़बूत होंगे और बालों का झड़ना कम होगा। आराम और सुगंधित स्नान के लिए अपने नहाने के पानी में अमरूद के पत्ते डालें।

# सुबह खाली पेट पिएं ये देसी ड्रिंक्स, वजन होगा तेजी से कम



**अगर आपका वजन तेजी से बढ़ रहा है तो उसे कम करने के लिए अपनी डाइट में इन कुछ देसी ड्रिंक्स को शामिल करें। इन ड्रिंक्स को खाली पेट पीने से न केवल वजन कम होता है बल्कि सेहत से जुड़े अन्य कई फायदे मिलते हैं। संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के साथ अपनी सुबह की दिनचर्या में इन ड्रिंक्स को शामिल करने से मेटाबॉलिज़्म तेज होता है जिससे वजन कम करना आसान हो जाता है। चलिए जानते हैं किन ड्रिंक्स के सेवन से बढ़ते मोटापे पर लगाम लगाया जा सकता है।**

### इन देसी ड्रिंक्स से करें दिन की शुरुआत:

नींबू पानी: नींबू पानी विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। खाली पेट सेवन करने से शरीर को डिटॉक्स करने, पाचन में सुधार करने और पेट भरा होने का एहसास दिलाती है। एक गिलास गर्म पानी में आधा नींबू का रस निचोड़ें। अच्छी तरह से हिलाएँ और इसे खाली पेट पिएँ।

जीरा पानी: जीरा रसोई का एक मुख्य हिस्सा है। जीरा पानी वजन कम करने के साथ आपका पाचन भी दुरुस्त करता है। साथ ही यह जीरा पानी पाचन एंजाइमों को एक्टिव करता है, जिससे खाना आसानी से पच जाता है। जीरा पानी पेट फूलना, कब्ज और एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है। एक कप पानी में 1 चम्मच जीरा रात भर भिगोएँ। सुबह इसे उबालें, छान लें और इसे गर्म-गर्म पीएँ। नाश्ते से कम से कम 20 मिनट पहले इसे पिएँ।

आंवला का जूस: आंवला विटामिन सी से भरपूर होता है और बेहतर पाचन को बढ़ाता है, वजन को कम करता है, मेटाबॉलिज़्म बढ़ाता है और बॉडी को डिटॉक्सफाई करता है। एक गिलास गर्म पानी में 2 बड़े चम्मच ताज़ा आंवला का जूस मिलाएँ। इसे खाली पेट पिएँ। इसे चाय या कॉफ़ी के साथ पीने से बचें।

दालचीनी का पानी: अगर आप वजन तेजी से कम करना चाहते हैं तो दालचीनी के पानी से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। दालचीनी का पानी चयापचय को तेज़ करने और इंसुलिन के स्तर को नियंत्रण में रखने में मदद कर सकता है, जिससे वजन प्रबंधन में सहायता मिलती है। एक कप पानी उबालें और उसमें एक चम्मच दालचीनी पाउडर या दालचीनी की एक छड़ी डालें। इसे 10 मिनट तक भीगने दें। छान लें और गरम-गरम पी लें।



# दिल की सेहत को मजबूत बनाए अंजीर का पानी

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अंजीर के पानी में पोटैशियम, मैग्नीशियम, कैल्शियम, विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन के, फाइबर, प्रोटीन, आयरन और जिंक समेत कई पोषक तत्वों की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। यही वजह है कि इस ड्राई फ्रूट के पानी को ओवरऑल हेल्थ के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए आपको सुबह-सुबह खाली पेट अंजीर का पानी पीना चाहिए।

### गट हेल्थ के लिए फायदेमंद

अगर आप पेट से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा पाना चाहते हैं तो अंजीर का पानी पीना शुरू कर दीजिए। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक अंजीर का पानी आपकी गट हेल्थ के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। इसके अलावा फाइबर रिच अंजीर का पानी पीकर आप अपनी वेट लॉस जर्नी को भी आसान बना सकते हैं।

### दिल की सेहत को मजबूत बनाए

क्या आप दिल से जुड़ी गंभीर और जानलेवा बीमारियों के खतरे को कम करना चाहते हैं? अगर हां, तो आपको अंजीर के पानी को अपने डेली डाइट प्लान का हिस्सा बना लेना चाहिए। अंजीर के पानी में पाए जाने वाले तमाम पोषक तत्व आपके दिल की सेहत को मजबूत बनाने में कारगर साबित हो सकते हैं। अंजीर का पानी आपकी बोन हेल्थ के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है।

### मिलेंगे एक से बढ़कर एक फायदे

जो लोग कमजोर इम्यूनिटी की वजह से बार-बार बीमार पड़ जाते हैं, उन्हें अंजीर का पानी पीने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने के लिए भी इस ड्राई फ्रूट के पानी को कंज्यूम किया जा सकता है। सेहत से जुड़ी इन समस्याओं से छुटकारा पाने और शरीर को फौलादी बनाने के लिए हर रोज सुबह-सुबह अंजीर का पानी पीना शुरू कर दीजिए और महज कुछ ही हफ्तों के अंदर खुद-ब-खुद पॉजिटिव असर देखिए।

# कितनी देर में खराब हो जाती है चाय?

कई लोगों को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि सर्दियों का मौसम चल रहा है या फिर गर्मियों का, उन्हें दिन में एक से दो बार चाय तो पीनी ही होती है। कुछ लोग अपने दिन की शुरुआत चाय से करते हैं, तो वहीं कुछ लोग अपनी थकावट को दूर करने के लिए चाय का सेवन करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ज्यादा देर तक रखी हुई चाय को पीना आपकी सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है?

कितनी देर में हो जाती है खराब?

दूध वाली चाय को ज्यादा देर तक नहीं रखना चाहिए। एक बार आपने चाय को पका लिया, तो आपको चाय को ठंडा होने से पहले पी लेना चाहिए। चाय को आधे घंटे से पहले ही पी लेना चाहिए। दूध वाली चाय हर्बल टी की तुलना में जल्दी खराब हो जाती है। हर्बल टी को आप कुछ घंटों तक फ्रिज में स्टोर करके रख सकते हैं।

डाइजेस्टिव सिस्टम पर पड़ सकता है बुरा असर

अगर आपने ज्यादा देर तक रखी हुई चाय को पिया, तो आपके डाइजेस्टिव सिस्टम पर बुरा असर पड़ सकता है। छोटी सी लगने वाली इस गलती की वजह से एसिडिटी, कब्ज और फूड पॉइजनिंग जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इसके अलावा चाय को ज्यादा देर तक रखने के कारण उसके अंदर मौजूद पोषक तत्व भी कम होते चले जाते हैं।



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com